E-PAPER

थिंक राजस्थान

जयपुर
12 नवम्बर, 2026
गुरुवार

▪ वर्ष: 1 ▪ अंक: 118 / पृष्ठ 8 / अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) / सोच नई, राजस्थान के लिए / मूल्य : ₹10 / प्रभात / RNI NO.: RJMUL/26/A4290

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के पुरस्कार वितरित, राष्ट्रपति बोलीं- हर नागरिक, परिवार और शहर की भागीदारी से ही हासिल होगा स्वच्छता का लक्ष्य

स्वच्छता केवल अभियान नहीं, नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि स्वच्छता का लक्ष्य किसी एक संस्था या सरकारी एजेंसी के प्रयासों से हासिल नहीं किया जा सकता। इसके लिए प्रत्येक नागरिक, परिवार, समुदाय और शहर की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सार्वजनिक स्थानों की सुंदरता और साफ-सफाई बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नागरिकों के स्वास्थ्य, सामाजिक संवेदनशीलता और



प्रशासनिक जवाबदेही का भी प्रतिबिंब है। इसका सीधा संबंध लोगों की रोजमर्रा की घरेलू आदतों से भी है। राष्ट्रपति बुधवार शाम नई दिल्ली में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न शहरों और स्थानीय निकायों को स्वच्छता के क्षेत्र में उनके प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने इस वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण में शुरू की गई 'स्वच्छ शहर जोड़ी' पहल की सराहना करते हुए कहा कि इसने शहरों के बीच सहयोग और साझेदारी का नया आयाम जोड़ा है। उन्होंने कहा कि यदि स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी शहर दूसरे शहरों को अपने स्तर तक पहुंचने में मदद करें, तो उनकी उपलब्धियां वास्तव में सार्थक साबित होगी।

छोटे शहरों के लिए भी विकसित हों सस्ती और सुरक्षित तकनीकें

राष्ट्रपति ने स्वच्छता के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी नवाचार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के सहयोग से पश्चिम बंगाल में स्वच्छ भारत टेस्ट बेड एवं इनोवेशन सेंटर की स्थापना की गई है। इसे स्वच्छता के क्षेत्र में तकनीकी प्रशिक्षण और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संस्थागत पहल बताया।

2014 से स्वच्छता बना जनभागीदारी का उत्सव : मनोहर लाल

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि स्वच्छता महज एक अभियान नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत के बाद स्वच्छता देशव्यापी जनआंदोलन और जनभागीदारी के उत्सव में बदल गई है। उन्होंने स्वच्छता के क्षेत्र में हासिल उपलब्धियों को आगे बढ़ाने और शहरों में साफ-सफाई की व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए नागरिकों तथा स्थानीय प्रशासन की निरंतर भागीदारी पर जोर दिया।

एनडीएमसी स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में देश में दूसरे नंबर पर

लगातार तीन साल टॉप रैंकिंग के बाद भी दबदबा बरकरार

स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 की नई रैंकिंग में नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है। 50 हजार से 3 लाख की आबादी वाली श्रेणी में एनडीएमसी ने देश में दूसरा स्थान हासिल कर अपनी स्वच्छता की प्रतिष्ठा को बरकरार रखा है। पिछले तीन वर्षों से लगातार टॉप रैंकिंग हासिल करने के कारण निकायों को 'सुपरलीग रैंकिंग' से सम्मानित किया गया था।



ब्रीफ न्यूज

अमूल-मदर डेयरी ने बढ़ाए दाम, दूध होगा महंगा



नई दिल्ली। महंगाई के बीच आम उपभोक्ताओं को अब दूध के लिए ज्यादा कीमत चुकानी होगी। अमूल और मदर डेयरी ने 12 नवंबर से दूध के दामों में 2 से 4 रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की है। इससे घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। कंपनियों के मुताबिक, पशु चारे, पैकेजिंग सामग्री, ईंधन और दूध खरीदी की लागत बढ़ने के कारण कीमतों में संशोधन किया गया है। इससे दूध उत्पादकों को बेहतर भुगतान करने में मदद मिलेगी। दूध की नई दरें गुरुवार से लागू होंगी। वहीं दूसरी तरफ माना जा रहा है कि अब बहुत जल्द पूरे देश में सभी दुग्ध ब्रांड महंगे हो जाएंगे और जल्द ही इसका ऐलान किया जा सकेगा।

मॉर्निंग वॉक के दौरान बेहोश हुए धनखड़, एम्स में भर्ती

नई दिल्ली। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की बुधवार सुबह



मॉर्निंग वॉक के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। वह टहलते समय बेहोश होकर गिर पड़े और कुछ मिनट तक अचेत रहे। सुरक्षाकर्मी उन्हें पीसीआर वाहन से घर लेकर पहुंचे। इसके बाद डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच और उपचार किया। स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए उन्हें एंबुलेंस से दिल्ली स्थित एम्स ले जाया गया। 75 वर्षीय धनखड़ को अस्पताल के कार्डियो-न्यूरो सेंटर में भर्ती कराया गया है। फिलहाल वह कार्डियोलॉजी विभाग के डॉक्टरों की निगरानी में हैं। उनकी विस्तृत जांच और उपचार जारी है।

» अंदर विशेष

▪ स्वच्छता में प्रदेश का नंबर-1 शहर बना जयपुर
...पढ़े पेज 2 पर

▪ प्रदेश के तीरंदाजों के सपनों को मिली उड़ान
...पढ़े पेज 3 पर

केंद्रीय कैबिनेट ने किसानों के लिए खोला खजाना, खाद की कीमतों पर ब्रेक, उर्वरक सब्सिडी को मंजूरी

किसानों को खाद पर 62,370 करोड़ की सब्सिडी डीएपी का 50 किलो बैग 1,350 रुपये में ही मिलेगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- कैबिनेट ने रबी सीजन 2026-27 के लिए नई दरों को दी मंजूरी
- मुद्रा योजना की ऋण गारंटी निधि भी पांच साल बढ़ाई
- 20 लाख रुपए तक के कर्ज पर मिलेगा गारंटी कवर

केंद्र सरकार ने किसानों और छोटे कारोबारियों को राहत देने के लिए बुधवार को दो अहम फैसले किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में रबी सीजन 2026-27 के लिए फास्फेट और पोटाश (पीएंडके) उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) की नई दरों को मंजूरी दी गई। इसके तहत केंद्र सरकार किसानों को करीब 62,370 करोड़ रुपए की सब्सिडी देगी। यह राशि पिछले रबी सीजन 2025-26 की तुलना में लगभग 24,418 करोड़ रुपए अधिक है। सरकार के फैसले से डीएपी (डाय-अमोनियम फास्फेट) की 50 किलो की बोरी की कीमत 1,350 रुपए ही बनी रहेगी।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि पश्चिम एशिया में जारी संकट और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों और उनके कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। इसके बावजूद सरकार ने सब्सिडी के जरिए किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं पड़ने देने का फैसला किया है। नई सब्सिडी दरें एक अक्टूबर 2026 से 31 मार्च 2027 तक लागू रहेंगी। इनके तहत डीएपी और एनपीकेएस सहित पीएंडके उर्वरकों के सभी ग्रेड पर सब्सिडी दी जाएगी। सरकार उर्वरक निर्माताओं और आयातकों के माध्यम से किसानों को रियायती दरों पर 28 ग्रेड के उर्वरक उपलब्ध करा रही है। पोषक तत्व आधारित सब्सिडी योजना एक अप्रैल 2010 से संचालित है।

मुद्रा योजना में चार श्रेणियों में मिलता है कर्ज



- **शिशु:** 50 हजार रुपए तक।
- **किशोर:** 50 हजार से 5 लाख रुपए तक।
- **तरुण:** 5 लाख से 10 लाख रुपए तक।
- **तरुण प्लस:** 10 लाख से 20 लाख रुपए तक।

मुद्रा योजना की गारंटी निधि पांच साल बढ़ी

कैबिनेट ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत दिए जाने वाले कर्ज की ऋण गारंटी निधि को भी पांच साल बढ़ाकर 31 मार्च 2031 तक जारी रखने की मंजूरी दी है। इसके लिए 5,000 करोड़ रुपए का कोष स्वीकृत किया गया है। इससे अगले पांच वर्षों में योजना के तहत 12.6 लाख करोड़ रुपए के ऋण उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। योजना के तहत राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) ऋण देने वाली संस्थाओं को कर्ज नहीं चुकाने की स्थिति में गारंटी कवर उपलब्ध कराती है। सितंबर 2026 तक इस योजना के तहत 60.36 करोड़ से अधिक ऋण मंजूर किए जा चुके हैं। इनकी कुल राशि 43.34 लाख करोड़ रुपए है।

सरकार ने ऋण गारंटी शुल्क भी घटाया

सरकार ने ऋण गारंटी शुल्क को सालाना एक प्रतिशत से घटाकर 0.75 प्रतिशत कर दिया है। इससे बैंकों और वित्तीय संस्थानों के लिए छोटे कारोबारियों को कर्ज देना कम खर्चीला होगा। योजना के तहत पात्र सूक्ष्म उद्यमों को 20 लाख रुपए तक के ऋण पर गारंटी कवर मिलेगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री जनधन योजना के खाताधारकों को बैंकों की ओर से दी जाने वाली 10 हजार रुपए तक की ओवरड्राफ्ट सुविधा भी इसके दायरे में रहेगी। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को दिए जाने वाले 10 लाख से 20 लाख रुपए तक के पोर्टफोलियो ऋण भी इसमें शामिल किए गए हैं।

सम्मेलन के समापन पर राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी प्रवासियों को सम्मानित

कोलकाता में होगा प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

19वां प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) सम्मेलन 7 से 9 जनवरी 2027 को पश्चिम-बंगाल के कोलकाता में आयोजित किया जाएगा। जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे और इसके समापन सत्र की अध्यक्षता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। उनके द्वारा प्रवासियों को प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय सम्मान से भी नवाजा जाएगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस महत्वपूर्ण सम्मेलन की वेबसाइट pbdindia.gov.in को बुधवार को विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर और पश्चिम-बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किए गए एक समारोह में संयुक्त रूप से लांच किया है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि सम्मेलन का अगले साल के शुरुआती महीने में आयोजन विदेश मंत्रालय की देखरेख में होगा।

» विदेश मंत्री जयशंकर और कोलकाता के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने संयुक्त रूप से लांच की सम्मेलन की वेबसाइट

गांधी जी की भारत वापसी का प्रतीक

प्रवासी भारतीय दिवस को दरअसल 9 जनवरी को इसलिए मनाया जाता है। क्योंकि 1915 में इसी तारीख पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी दक्षिण-अफ्रीका से भारत वापस लौटे थे। उनकी स्वदेश वापसी की स्मृति में हर वर्ष 9 जनवरी के दिन यह दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। सामान्य रूप से देखें तो यह दिवस केंद्र सरकार के प्रमुख वार्षिक आयोजनों की सूची में शुमार है। क्योंकि इसकी मदद से उसे दुनिया के अलग-अलग देशों में बसे हुए प्रवासी भारतीयों के समुदाय के साथ सीधे जुड़ने का अवसर मिलता है।

टॉयलेट के शीशे पर लिखा मैसेज

एयर इंडिया की फ्लाइट में हाईजैक की धमकी

कोलकाता एयरपोर्ट पर मचा हड़कंप

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह एयर इंडिया की मुंबई जाने वाली फ्लाइट में हाईजैक की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। विमान के शौचालय के शीशे पर धमकी भरा संदेश लिखा मिला। इसकी जानकारी मिलते ही पायलट ने तत्काल एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को अलर्ट किया। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं और विमान को आइसोलेशन बे में ले जाकर तलाशी अभियान शुरू किया गया।

मामलों के त्वरित निपटान पर रहेगा विशेष फोकस

लापरवाही, ढिलाई, कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: नायब

हिसार, फरीदाबाद, पलवल, रोहतक और भिवानी में स्थापित की जाएंगी स्पेशल न्यायालय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) के नागरिकों को त्वरित न्याय दिलाने और उनके विरुद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि एससी-एसटी से जुड़े प्रत्येक मामले में निर्धारित 60 दिनों की अवधि के भीतर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि शत-प्रतिशत मामलों में इस समय-सीमा का पालन हो। पीड़ितों को न्याय दिलाने के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही, ढिलाई अथवा कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

किसान,मजदूर,कारपेंटर और मोची हुए शामिल

भाई दूज पर राहुल का अनूठा आयोजन, मेहनतकश और हुनरमंद परिवारों के साथ मनाया त्योहार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भाई दूज के अवसर पर समाज के मेहनतकश और हुनरमंद तबकों के साथ भाई दूज का त्योहार मनाया। इस मौके पर उन्होंने देश के विभिन्न पेशों से जुड़े ऐसे लोगों को कांग्रेस मुख्यालय स्थित इंदिरा भवन में सपरिवार आमंत्रित किया है, जिनसे पिछले कुछ वर्षों के दौरान अलग-अलग अवसरों पर उनकी मुलाकात और संवाद होता रहा है।



राहुल गांधी के इस आयोजन में बढ़ई, मैकेनिक, नाई, मोची, रेलवे कुली, किसान, खेतिहर मजदूर, सब्जी विक्रेता, छोटे कारोबारी, डिलीवरी वर्कर्स, निर्माण श्रमिक और कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रवासियों का आरोप, प्रदर्शनों की आड़ में खालिस्तान समर्थकों, पाकिस्तानी-बांग्लादेशी संगठनों के बीच संभावित सांठगांठ की जांच की जाए

लंदन में हुई भारत विरोधी गतिविधियों से खिन्न प्रवासी भारतीय, राष्ट्रपति मुर्मू को लिखा खुला पत्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एसआईआर में गड़बड़ी के मामले पर मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर बीते अक्टूबर महीने में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की अगुवाई में राष्ट्रीय राजधानी सहित देशभर में हुआ विपक्षी दलों का विरोध प्रदर्शन तो हर खासो-आम को याद होगा। लगभग उसी दौरान सात समंदर पार लंदन में भी इनकी गूंज सुनाई दी थी। जिसके केंद्र में



और कुछ नहीं बल्कि भारत के विरोध का मुद्दा शामिल किया गया था। लेकिन अब इस मामले में एक नया मोड़ आ गया है। ब्रिटेन स्थित 50 प्रवासी भारतीय और सामुदायिक संगठनों ने लंदन में हुए प्रदर्शनों को लेकर चिंता जताई।

हिंसा फैलाने की ढाल नहीं बन सकते प्रदर्शन

पत्र में लंदन में हालिया समय में हुए दो प्रदर्शनों का विशेष तौर पर उल्लेख किया गया है। जिसमें पिछले महीने 16 अक्टूबर को भारतीय उच्चायोग के बाहर किया गया वामपंथी दलों के छात्र संगठन स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) का प्रदर्शन और उसके ठीक अगले दिन यानी 17 अक्टूबर को पार्लियामेंट स्क्वॉयर के बाहर हुआ दूसरा प्रदर्शन शामिल है।

औद्योगिक तंत्र की क्षमताएं और अधिक सशक्त बनेंगी

रक्षा मंत्रालय ने सीएसएल संग मरम्मत के लिए किया 500 करोड़ का समझौता

नए डीजल इंजन के साथ समुद्र में कदमताल करेगा नौसेना का बेतवा युद्धपोत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन-पाकिस्तान की तरफ से मिलती युद्ध की साझा चुनौती के बीच नौसेना अपनी रणनीतिक युद्धक क्षमता को तेजी के साथ मजबूत बनाने में लगी हुई है। इसी कवायद के बीच अब उसके ब्रह्मपुत्र श्रेणी के एक अहम जंगी युद्धपोत आईएनएस बेतवा (गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट) की मरम्मत की जाएगी। जिसके लिए बुधवार को नई दिल्ली स्थित रक्षा मंत्रालय में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के साथ कुल करीब 498.58 करोड़ रुपए के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।



4 दर्जन से अधिक एमएसएमई को होगा लाभ


आईएनएस बेतवा की मरम्मत, रखरखाव और नवीनीकरण से जुड़ी इस परियोजना के जरिए स्वदेशी औद्योगिक तंत्र की क्षमताएं और अधिक सशक्त बनेंगी। खासतौर पर इसकी जटिल प्रणोदन यानी इंजन प्रणाली में बदलाव तथा नौसैनिक प्लेटफार्म के आधुनिकीकरण के क्षेत्र में भारत की तकनीकी, औद्योगिक क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा। युद्धपोत में बदलाव की इस पूरी प्रक्रिया को लेकर मंत्रालय का मानना है कि इसमें कुल 50 से अधिक सूक्ष्म, लघु उद्यमों की भागीदारी होगी।

सोनिया की किताब में वसुंधरा का जिक्रः लिखा- इंदिरा गांधी को आहत करने के लिए राजे के घर मनाया वरुण का पहला जन्मदिन

थिंक राजस्थान • जयपुर

सोनिया गांधी की आई बहुचर्चित किताब में राजस्थान से वसुंधरा राजे को छोड़कर किसी भी पार्टी के नेता का जिक्र नहीं है। सोनिया की जीवनी 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' में वसुंधरा राजे को इंदिरा गांधी को नीचा दिखाने के लिए मेनका गांधी का सहयोग करने सहित कई बातों का उल्लेख किया गया है। मेनका गांधी के बेटे वरुण गांधी का पहला जन्मदिन वसुंधरा राजे के दिल्ली आवास पर मनाया गया था। इस बर्थडे पार्टी को उस समय गोपनीय रखा गया था। वहीं, सोनिया गांधी ने संजय गांधी की मौत के बाद अपनी देवरानी मेनका गांधी की नाराजगी और उनसे हुई अनबन का भी विस्तार से जिक्र किया है।

सोनिया गांधी ने किताब में वसुंधरा राजे का जिक्र करते हुए लिखा है- जब मार्च 1981 में छोटे फिरोज (वरुण गांधी) का पहला जन्मदिन नजदीक आया तो मेरी सास (इंदिरा गांधी) ने मेनका के कुछ दोस्तों और उनके बच्चों के साथ छोटा सा गेट टुगेदर रखने का सुझाव दिया, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया। बाद में उन्हें पता चला कि उनके पोते की जन्मदिन की पार्टी हुई थी। यह पार्टी ग्वालियर की पूर्व राजमाता की बेटी वसुंधरा राजे के घर पर हुई थी, जो आरएसएस की कट्टर समर्थक और इंदिरा गांधी की राजनीतिक विरोधी थीं। यह साफ तौर पर उन्हें (इंदिरा गांधी) ठेस पहुंचाने के मकसद से किया गया था।



मेनका के घर छोड़ने में भी वसुंधरा ने की मदद

सोनिया गांधी ने लिखा- वसुंधरा राजे ने बाद में उस काम को भी सुगम बनाया, जिसने मेरी सास के उस संदेह की पुष्टि कर दी कि मेनका हमारा घर छोड़ने की योजना बना रही थीं। ग्वालियर की पूर्व राजमाता के एक करीबी सहयोगी को सूर्या पत्रिका की बिक्री को वसुंधरा राजे ने आसान बनाया। उनके लिए (इंदिरा गांधी के लिए) यह न केवल खुद का, बल्कि उनके बेटे की याद का, उनके पिता का और उन सभी लोगों का अपमान करने जैसा था, जिन्होंने आरएसएस की विचारधारा के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी।

विजयाराजे को इंदिरा ने जेल भिजवाया था

इंदिरा गांधी ने साल 1975 में जब आपातकाल लगाया था, तब वसुंधरा राजे की मां विजयाराजे सिंधिया को आंतरिक सुरक्षा को लेकर बने मीसा एक्ट के तहत जेल में डाल दिया था। उस वक्त इंदिरा गांधी ने अपने सभी विरोधियों को जेल भेजा था। विजयाराजे सिंधिया के अलावा जयपुर के पूर्व राजघराने से गायत्री देवी को भी जेल भेज दिया गया था। गायत्री देवी और विजयाराजे सिंधिया को तिहाड़ जेल में साधारण सेल में रखा गया था। विजयाराजे सिंधिया आरएसएस, तत्कालीन जनसंघ (बीजेपी) नेताओं को संरक्षण देती थीं। अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर कई दिग्गज बीजेपी नेताओं को विजयाराजे सिंधिया का सहयोग मिलता था।

बीजेपी नेताओं को बेची थी सूर्या पत्रिका

मेनका गांधी की सूर्या पत्रिका ने उस समय कई खुलासे करके राजनीतिक हलकों में हलचल मचाई थी। तत्कालीन रक्षा मंत्री जगजीवनराम के बेटे के बारे में सूर्या पत्रिका के खुलासों के कारण खूब विवाद हुए थे। सूर्या पत्रिका को विजयाराजे के नजदीकी नेता जेसी जैन और सरदार आंग्रे को बेचा गया था। इस पत्रिका की बीजेपी नेताओं को बेचे जाने पर इंदिरा गांधी बहुत नाराज हुई थीं। इंदिरा गांधी और मेनका गांधी के बीच मतभेदों के गहराने और फिर अलगाव के पीछे इस घटना ने भी बड़ी भूमिका निभाई।

ब्रीफ न्यूज

महावीरजी के जयकारों से गूंजे जिनालय, चढ़ाया निर्वाण लाडू



थिंक राजस्थान • जयपुर

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का 2553वां निर्वाणोत्सव मनाया गया। राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में भट्टारक जी की नसियां में उपाध्याय उर्जयन्त सागर मुनिराज के सान्निध्य में मुख्य समारोह हुआ। इसमें भगवान महावीर की अष्टद्रव्य से संगीतमय पूजा-अर्चना कर निर्वाण लाडू अर्पित किया। राजस्थान जैन सभा जयपुर के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन एवं महामंत्री मनीष बैद ने बताया कि निर्वाण कांड भाषा के सामूहिक उच्चारण के बाद जयकारों के बीच मोक्ष कल्याणक अर्घ्य और निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। समाजश्रेष्ठी जीसी जैन एवं विशल्या देवी जैन ने मुख्य निर्वाण लाडू अर्पित किया। महापौर सुनील कोठारी शामिल हुए। तुषार सोगानी ने दीप प्रज्वलन किया। उपाध्याय उर्जयन्त सागर महाराज ने कहा कि भगवान महावीर संसार रूपी जेल से मुक्त होकर निर्वाण को प्राप्त हुए थे, इसलिए यह उत्सव मनाया जाता है। उनकी शिक्षाएं और सिद्धांत जीवन में आत्मकल्याण का मार्ग दिखाते हैं। मुख्य संयोजक अशोक जैन नेता ने बताया कि श्री महावीर जी अतिशय क्षेत्र की अखंड ज्योति को अतिशय क्षेत्र के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल ने पकड़ाई। जिससे दीप प्रज्वलन किया गया। महोत्सव में 'महावीर' नाम वाले श्रावकों ने पूजा की। 108 दीपकों से महाआरती के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान उमराव मल संघी, एनके सेठी, सुभाष जौहरी, भारत भूषण जैन, सीपी जैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कानपुरा गांव में करंट से युवक की मौतः 2 घायल जयपुर रेफर

थिंक राजस्थान • चौमूं

चौमूं के सामोद थाना क्षेत्र के महारकलां इलाके के कानपुरा गांव में बुधवार को करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। भैया दूज के दिन हुए इस हादसे से परिवार में पर्व की खुशियां मातम में बदल गईं। तीनों युवकों के करंट की चपेट में आने की सूचना पर सामोद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को चौमूं के सिद्धि विनायक हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने कानपुरा निवासी हेमेन्द्र यादव (23) पुत्र रामेश्वरलाल यादव को मृत घोषित कर दिया। घायल कृष्ण कुमार (27) पुत्र कालूराम और कृष्ण कुमार (32) पुत्र कजोड़मल का अस्पताल में इलाज किया गया।

हिस्ट्रीशीटर को कुल्हाड़ी से काट डालाः कैम्पर से फॉर्च्यूनर को टक्कर मारी; गाड़ी से उतरकर भागा तो घेरकर हमला किया

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर में हिस्ट्रीशीटर विजय बाजिया (25) की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई। कुछ बदमाशों ने कैम्पर से टक्कर मारकर हिस्ट्रीशीटर की फॉर्च्यूनर को रोका। हिस्ट्रीशीटर गाड़ी से उतरकर भागने लगा तो बदमाशों ने घेरकर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार किए। इसके बाद आरोपी कैम्पर में बैठकर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कांवटिया अस्पताल की मॉर्च्युरी भिजवाया। बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस ने इलाके में नाकाबंदी करवाई, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। DCP (वेस्ट) प्रशांत किरण ने बताया- जोबनेर के तिबारियां के रहने वाले विजय बाजिया का मर्डर हुआ है। विजय बाजिया जोबनेर थाने का हिस्ट्रीशीटर था। बुधवार रात करीब 8 बजे विजय फॉर्च्यूनर गाड़ी में जोबनेर से जयपुर आ रहा था। इसी दौरान करधनी के जगदम्बा नगर में कैम्पर सवार 4-6 बदमाशों ने उसे घेर लिया। बदमाशों ने कैम्पर से विजय की फॉर्च्यूनर को टक्कर मार दी। बदमाशों से बचने के लिए विजय गाड़ी से उतरकर भागने लगा, लेकिन बदमाशों ने उसे घेरकर लाठी-डंडों के साथ कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। महज 5 मिनट में हिस्ट्रीशीटर की हत्या कर हमलावर फरार हो गए।

लोगों ने बनाया पूरे घटनाक्रम का वीडियो

हिस्ट्रीशीटर की हत्या के दौरान वहां मौजूद लोगों ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया। हत्या की सूचना पर करधनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हत्यारों को पकड़ने के लिए



ए-श्रेणी की नाकाबंदी करवाई। पुलिस जांच में सामने आया है कि किसी केस को देकर दोनों पक्षों में रंजिश चल रही थी।दूसरे पक्ष के बदमाश काफी दिनों से विजय का पीछा कर रहे थे। बुधवार रात को जयपुर आते समय बदमाशों ने कैम्पर से विजय की फॉर्च्यूनर गाड़ी का पीछा किया। बचने के लिए विजय ने फॉर्च्यूनर मैन रोड की जगह कॉलोनी की गलियों में दौड़ाई और रावण गेट की तरफ जाने लगा। इस दौरान करधनी के जगदम्बा नगर में घेरकर मार डाला और महज 5 मिनट में हत्या कर हमलावर फरार हो गए।

2 गाड़ियों में सवार हमलावरों ने गांव से 30 किलोमीटर पीछा किया, करधनी में घेरकर मारा

करधनी में हत्या से पहले बुधवार दोपहर गांव में प्रॉपर्टी को लेकर विजय का कुछ लोगों से विवाद हुआ था। इसके बाद वह फॉर्च्यूनर से जयपुर के लिए निकला तो दो गाड़ियों में सवार हमलावर उसके पीछे लग गए। करीब 30 किलोमीटर पीछा करते हुए रावण गेट स्थित जगदंबा नगर पहुंचे। यहां फॉर्च्यूनर को टक्कर मारकर रोकने के बाद विजय को दौड़ाकर घेर लिया। फिर कुल्हाड़ी, लाठी और सरियों से हमला कर उसकी हत्या कर दी। विजय जोबनेर के तिबारियां गांव की बाजिया की ढाणी का रहने वाला था। बुधवार दोपहर गांव में प्रॉपर्टी विवाद के दौरान उसने कुछ लोगों को धमकियां भी दी थीं। बताया जा रहा है कि इसी के बाद हमलावरों ने उसका पीछा शुरू किया। एक पिकअप में 5 से 6 हथियारबंद बदमाश थे, जबकि दूसरी कार में भी कुछ लोग सवार थे। विजय अपनी फॉर्च्यूनर में अकेला था। उधर, प्रॉपर्टी विवाद में विजय बाजिया भी अकसर धमकी देता था- 'दो हत्या कर चुका हूं, तीसरी भी कर दूंगा। मेरा क्या बिगाड़ लोगे, मुझे फांसी तो होगी नहीं।' यहां तक कि उसने अपनी गाड़ी का नंबर भी हत्या की धारा 302 से जोड़कर 0302 रखा था। वह नंबर दिखाकर भी लोगों को धमकाता था। प्रॉपर्टी खाली करवाने और कब्जे को लेकर उसका अकसर विवाद होता था। विजय रावण गेट स्थित जगदंबा नगर में अपने निवास के पास पहुंचा तो उसे पीछा कर रहे हथियारबंद बदमाश दिखाई दिए।

जयपुर-मुंबई अकासा एयर की फ्लाइट में तकनीकी खराबी

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर से मुंबई जाने वाले पैसेंजर्स को बुधवार को परेशानी का सामना करना पड़ा। अकासा एयर की फ्लाइट QP - 1154 में उड़ान से पहले तकनीकी खराबी आने के कारण इसे कैंसिल कर दिया गया। विमान में पैसेंजर्स की बोर्डिंग भी हो चुकी थी। इसके बाद तकनीकी खराबी की जानकारी मिलने पर सभी पैसेंजर्स को विमान से उतार दिया गया। बता दें कि अकासा एयर की फ्लाइट संख्या QP-1154 निर्धारित शेड्यूल के अनुसार- जयपुर से दोपहर 12 बजे मुंबई के लिए रवाना होती है। फ्लाइट दोपहर 1:55 बजे मुंबई पहुंचती है। जयपुर से मुंबई के बीच इस उड़ान का समय करीब 1 घंटा 55 मिनट है, लेकिन बुधवार को फ्लाइट को पहले 2 घंटे लेट दोपहर 2 बजे उड़ान भरने की जानकारी दी गई। आखिरी वक्त पर इसे कैंसिल कर दिया। इसके अलावा 2 और फ्लाइट को कैंसिल कर दिया गया। तकनीकी खराबी दूर करने के प्रयासों के बावजूद विमान को उड़ान के लिए तैयार नहीं किया जा सका। इस दौरान पैसेंजर्स को विमान में दोबारा उड़ान शुरू होने का इंतजार करना पड़ा। करीब दो घंटे से ज्यादा समय तक इंतजार के बाद भी तकनीकी समस्या का समाधान नहीं हो सका। इसके बाद एयरलाइन ने अंतिम समय में फ्लाइट कैंसिल करने का फैसला लिया। फ्लाइट के अचानक कैंसिल होने से मुंबई जाने वाले पैसेंजर्स को परेशानी हुई। कई पैसेंजर्स को अपनी आगे की यात्रा और जरूरी कार्यक्रमों को लेकर भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

1 दिन में 6000 टन कचरा उठाने का रिकॉर्डः स्वच्छता में प्रदेश का नंबर-1 शहर बना जयपुर

थिंक राजस्थान • जयपुर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में जयपुर को प्रदेश में पहला स्थान मिला है, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर टॉप स्वच्छ शहरों में जगह बनाने के लिए अभी सुधार की जरूरत है। हालांकि, नगर निगम ने शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए बड़े अभियान चलाए हैं। 18 अप्रैल को 'सफाई सेवा मैराथन-2026' के तहत एक ही दिन में 6000 टन कचरा उठाकर नया रिकॉर्ड बनाया गया था। इसके लिए सभी 150 वार्डों में 9 हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी और करीब 1500 वाहन उतारे गए। इसके बाद नवंबर में भी दो बड़े अभियान चलाए गए। 1 नवंबर को परकोटे में रातभर सफाई कराई गई, 5 नवंबर को 7000 टन से ज्यादा कचरा एकत्र किया गया। अप्रैल और नवंबर के ये अभियान स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की मूल्यांकन अवधि के बाद हुए हैं। ऐसे में इनका प्रदर्शन मौजूदा रैंकिंग में शामिल नहीं है। अब राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर स्थान हासिल करने के लिए नियमित सफाई व्यवस्था के साथ इन प्रयासों को आगे बढ़ाने की जरूरत है।

नगर निगम ने 'सफाई सेवा मैराथन-2026' के तहत सुबह 7 बजे से शहर के सभी 150 वार्डों में अभियान चलाया। इसमें 9 हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी और करीब 1500 वाहन लगाए गए। वाहनों ने 7000 फेरे लगाकर 6000 टन कचरे का निस्तारण किया। कमिश्नर ओम कसेरा सुबह 7 बजे से देर शाम तक फील्ड में रहे।

उन्होंने करीब 200 किलोमीटर का रूट कवर किया, जिसमें 15 किलोमीटर पैदल निरीक्षण भी शामिल था। नगर निगम ने 'ऑपरेशन क्लीन स्वीप 2.0' के तहत परकोटे के बाजारों और गलियों में रातभर सफाई अभियान चलाया। रात 12 बजे शुरू हुए अभियान में करीब ढाई हजार सफाई कर्मचारी और 1000 संसाधन लगाए गए। मेयर सुनील कोठारी और कमिश्नर ओम कसेरा भी मौके पर रहे। मेयर ने खुद झाड़ू लगाकर सफाई की।

नगर निगम ने सुबह 7 बजे से सभी 150 वार्डों में एक साथ विशेष सफाई अभियान चलाया। इसमें करीब 9 हजार अधिकारी-कर्मचारियों ने लंबे समय से जमा कचरा, मलबा और गंदगी हटाई। निगम के अनुसार, अभियान में 7 हजार टन से अधिक कचरा एकत्र किया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में जयपुर ग्रेटर 16वें और जयपुर हेरिटेज 20वें स्थान पर रहे थे। दोनों को थ्री-स्टार रेटिंग मिली थी। इस बार दोनों निगमों के एकीकरण के बाद जयपुर ने एक शहर के रूप में सर्वेक्षण में हिस्सा लिया। उसे स्टेट फर्स्ट ऑफ स्वच्छ सिटी अवॉर्ड मिला।

मांडना-मधुबनी से लेकर वाटरकलर पेंटिंग की प्रदर्शनीः 55 कलाकारों की कलाकृतियां सजी

थिंक राजस्थान • जयपुर

कहीं मांडना और मधुबनी जैसी पारंपरिक कला शैलियां अपनी पहचान बनाए हुए हैं तो कहीं ग्राफिक्स और मिक्स्ड मीडिया के प्रयोग से आधुनिक कला की नई अभिव्यक्तियां सामने आ रही हैं। यहां राजस्थान के अलग-अलग क्षेत्रों से आए 55 कलाकारों की 50 से ज्यादा कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। खास बात ये है कि यह प्रदर्शनी केवल कला को देखने का अवसर नहीं दे रही, बल्कि कलाकारों को अपनी रचनाओं की बिक्री के जरिए आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का मंच भी उपलब्ध करा रही है। प्रदर्शनी का उद्घाटन आरआईसी के निदेशक निहाल चंद गोयल ने किया था, जिसमें वरिष्ठ कलाकार यूनुस खिमानी, आरआईसी की उप सचिव अनुपमा गोयल और वनस्थली विद्यापीठ के डॉ. मनोज टेलर सहित कला जगत से जुड़े लोग शामिल हुए। प्रदर्शनी में वनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट, राजस्थान विश्वविद्यालय और आईसीजी यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों की कलाकृतियां भी शामिल हैं। अलग-अलग संस्थानों और पृष्ठभूमि से आए कलाकारों की रचनाओं में







उनके अनुभव, कल्पनाशीलता और कला के प्रति समझ की विविधता देखने को मिल रही है।

प्रदर्शनी का एक प्रमुख आकर्षण जयपुर की ऐतिहासिक इमारतों और विरासत को केंद्र में रखकर बनाई गई वॉटरकलर पेंटिंग्स हैं। इन कलाकृतियों में शहर की स्थापत्य पहचान और सांस्कृतिक परिवेश को रंगों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। जयपुर की ऐतिहासिक धरोहरों को कैनवास पर उतारने का यह प्रयास शहर की कला और पर्यटन दोनों दृष्टियों से खास है। वॉटरकलर माध्यम की पारदर्शिता और रंगों के संयोजन से कलाकारों ने विरासत के दृश्यों को अपनी रचनात्मक दृष्टि से प्रस्तुत किया है। इन पेंटिंग्स में केवल इमारतों का चित्रण ही नहीं, बल्कि शहर की ऐतिहासिक पहचान और उससे जुड़े सांस्कृतिक भाव को भी महसूस किया जा सकता है।

प्रदर्शनी में पारंपरिक कला शैलियों के साथ समकालीन कला के प्रयोग भी आकर्षित कर रहे हैं। मांडना और मधुबनी जैसी लोककलाओं के जरिए कलाकारों ने भारतीय कला परंपरा की समृद्धि को सामने रखा है। इन शैलियों में पारंपरिक आकृतियों, रेखाओं और रंगों की अपनी विशिष्ट पहचान देखने को मिलती है। वहीं ग्राफिक्स और मिक्स्ड मीडिया के माध्यम से कलाकारों ने अलग-अलग माध्यमों और तकनीकों के साथ प्रयोग किए हैं। एक ही स्थान पर पारंपरिक लोक अभिव्यक्ति और आधुनिक कला दृष्टिकोण का यह मेल प्रदर्शनी को विविधतापूर्ण बनाता है। कलाकारों की रचनाओं में उनकी व्यक्तिगत कल्पना और अपने आसपास के परिवेश को देखने का नजरिया भी सामने आता है। प्रदर्शनी में दिलीप डामोर, विनोद नागर, कमल मीणा, रवि कुमार योगी, मनीष कुमावत, जितेंद्र सैनी, अतानु बक्षी, डॉ. सुनीता मीणा, डिंपल दलाल, रवि प्रसाद कोली, जयश्री सिंह देव, संदीप मेघवाल, अमित सोलंकी, अमर प्रजापत, दिशांक शर्मा, संत कुमार, नरेंद्र सैन, अरुण कुमार कुमावत, प्रभुलाल गमेती, अभिषेक सैनी, बादल जलवानिया, अदेई प्रिया, निखिल कुमार सिंह, राजेश जांगिड़, धनुश्री माथुर, रेखा अग्रवाल, तन्वी सक्सेना, यशस्वी डागा, श्वेता नैना, आयुष चौधरी, केशव कश्यप, ऋतिक पटेल, नत्थूलाल महावर, वर्षा तनेजा, कृष्ण कांत, अभय भारी, धीरज सैनी, अंकित कुमार निगम, मिंटू भारद्वाज, विशाल बारू, मानसी कुशवाह, जाह्नवी चावड़ा, ग्रेसी सोनी, खुशी मान, नंदिनी अग्रवाल, वंशिका नाथावत, अनुष्का शर्मा, कशिका पालीवाल, रानिका शेखावत, दीक्षा कुशवाह, मुबश्शेरा बानो, दिव्यांशी सोनी, पूजा पुरी, भूमिका सिंह और बिंदु कुमावत सहित कलाकारों की कलाकृतियां शामिल हैं।

इस प्रदर्शनी की खास बात इसका बिक्री मॉडल भी है। सामान्यतः कई निजी आर्ट गैलरी कलाकृतियों की बिक्री पर 40 से 50 प्रतिशत तक कमीशन लेती हैं, जबकि आरआईसी ने कलाकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए अपना कमीशन केवल 5 प्रतिशत रखा है। इसका उद्देश्य बिक्री से प्राप्त राशि का अधिक हिस्सा सीधे कलाकारों तक पहुंचाना है। प्रदर्शनी में रखी सभी कलाकृतियां बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इनकी कीमत लगभग 10 हजार से 2 लाख रुपए तक रखी गई है। ऐसे में कला प्रेमियों और कला संग्राहकों के साथ वे लोग भी अपनी पसंद की मौलिक कलाकृति खरीद सकते हैं, जो पहली बार कला संग्रह की शुरुआत करना चाहते हैं। प्रदर्शनी का क्यूरेशन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर की क्यूरेटर निखत अंसारी ने किया है। इसका उद्देश्य युवा कलाकारों को व्यवस्थित और पेशेवर मंच उपलब्ध कराने के साथ उनकी कला को व्यापक पहचान दिलाना और उन्हें कला बाजार से जोड़ना है।

प्रदेश के तीरंदाजों के सपनों को मिली उड़ान, पहली बार हवाई यात्रा



थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान के तीरंदाजों के लिए राष्ट्रीय प्रतियोगिता का सफर इस बार कुछ खास और यादगार बन गया है। अब तक लंबी दूरी की यात्रा में लगने वाले समय और थकान की चिंता करने वाले खिलाड़ियों को पहली बार राजस्थान तीरंदाजी संघ ने हवाई सफर की सुविधा दी है। संघ ने पूरी टीम के आने-जाने के हवाई टिकट का खर्च स्वयं वहन किया है। इस पहल का उद्देश्य खिलाड़ियों को यात्रा की थकान से बचाकर प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करना है। शिलॉन्ग (मेघालय) में 12 से 17 नवंबर तक होने वाली सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए राजस्थान की टीम को संघ के अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह ने शुभकामनाएं देकर रवाना किया। यह सिर्फ खिलाड़ियों की यात्रा की सुविधा नहीं, बल्कि उनके प्रति संघ के भरोसे और सहयोग का भी प्रतीक है। खिलाड़ियों के लिए यह अनुभव इसलिए भी खास है कि पहली बार पूरी टीम हवाई यात्रा के जरिए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जा रही है। अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह ने कहा कि राजस्थान के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना संघ की प्राथमिकता है। हवाई यात्रा से खिलाड़ियों का समय बचेगा और वे प्रतियोगिता में पूरी ऊर्जा के साथ उतर सकेंगे। यह प्रतियोगिता राजस्थान के लिए खेल के लिहाज से भी बेहद महत्वपूर्ण है। इसी के प्रदर्शन के आधार पर आगामी राष्ट्रीय खेलों के लिए टीम अपना कोटा तय करने का प्रयास करेगी। ऐसे में राजस्थान के तीरंदाजों के सामने पदक जीतने के साथ राष्ट्रीय खेलों में जगह बनाने की चुनौती भी होगी।

राजस्थान टीम के खिलाड़ी

अभिलाषा यादव, अनुज भाम्भू, भारती, धृति शर्मा, हरप्रीत कौर, हर्षित, कल्पना रेगर, खुशी शर्मा, कुमकुम जांगिड़, महेश कुमावत, नरेंद्र जाट, नेहा वैष्णव, निक्की शर्मा, निशांत शेरावत, प्रद्युम्न यादव, प्रतिभा कंडारा, प्रिया गुर्जर, राहुल मीणा, शिवानी, वासु यादव, विकास यादव, विवेक कुमावत, यशवंत सैनी और युवराज वर्मा।

▪ टीम के प्रशिक्षक एवं मैनेजरः अनिल जोशी, अर्जुन यादव और सोमेश (प्रशिक्षक), पूजा आचार्य (महिला प्रशिक्षक) तथा सुवीर देव नाथ (मैनेजर)।

ब्रीफ न्यूज

गूगल सर्च में मिला फेक कस्टमर केयर, 95 हजार रुपए ऐंठे

थिंक राजस्थान • जयपुर

गूगल सर्च पर मिले फेक कस्टमर केयर से एक महिला के 95 हजार रुपए ऐंठने का मामला सामने आया है। ऑनलाइन मंगवाई बेडशीट को रिटर्न करने के लिए महिला ने कॉन्टैक्ट किया था। गलती से कटे 1.42 लाख रुपए रिफंड करने का झांसा देकर शातिर ने फंसाया। पीड़ित महिला ने मंगलवार दोपहर शिप्रापथ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। ASI भागीरथमल ने बताया- मानसरोवर के थड़ी मार्केट निवासी धमेन्द्रा शर्मा (57) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। 8 नवंबर को उन्होंने ऑनलाइन दो बेडशीट मंगवाई थी। बेडशीट पसंद नहीं आने पर रिटर्न कराने के लिए गूगल पर जेप्टो के कस्टमर केयर नंबर सर्च किए। ऑनलाइन मिले मोबाइल नंबर पर कॉन्टैक्ट किया। फेक कस्टमर केयर से बात करने वाले युवक ने उन्हें बातों में उलझा लिया। बातों ही बातों में कहा कि आपके गलती से 1 लाख 42 हजार रुपए कट गए हैं। आप हमारे बताए मोबाइल नंबर पर 95 हजार रुपए ट्रांसफर कर दो। उसके बाद हम आपको आपके पूरे रुपए रिफंड कर देंगे। बातों में आकर महिला ने बताए गए मोबाइल नंबर पर 95 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। उसके बाद कॉन्टैक्ट करने का प्रयास करने पर शातिर ने उनका मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया। फ्रॉड का एहसास होने पर पीड़िता की ओर से शिप्रापथ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। पुलिस मोबाइल नंबरों के आधार पर शातिर क्रिमिनल की तलाश कर रही है।

रतनगढ़ में 13 से होगी सीनियर राज्यस्तरीय कोर्फबॉल प्रतियोगिता

थिंक राजस्थान • जयपुर

12वीं सीनियर राज्यस्तरीय कोर्फबॉल प्रतियोगिता 13 से 15 नवंबर तक नेहरू स्टेडियम, रतनगढ़ (चूरू) में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में प्रदेश के करीब 25 जिलों के 400 से 500 महिला एवं पुरुष खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इसमें आगामी सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए राजस्थान टीम के खिलाड़ियों का चयन भी किया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान 14 नवंबर को राजस्थान कोर्फबॉल संघ की साधारण सभा की बैठक भी आयोजित होगी। इसमें आगामी वर्ष की राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं का कैलेंडर तय किया जाएगा। साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों में कोर्फबॉल के विकास और खेल को बढ़ावा देने की योजनाओं पर चर्चा की जाएगी।

जयपुर सेंट्रल जेल में भावुक माहौल में मना भैया दूज

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर सेंट्रल जेल में भैया दूज का पर्व मनाया गया। जेल प्रशासन की विशेष अनुमति और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बड़ी संख्या में बहनें रोली-अक्षत और पूजा सामग्री लेकर जेल परिसर पहुंचीं।



मुलाकात कक्ष में भाइयों और बहनों के आमने-सामने आते ही माहौल बेहद भावुक हो गया और कई महीनों बाद मिलकर अनेक लोगों की आंखें नम हो गईं। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया, आरती उतारी, मिठाई खिलाई और उनके लंबे जीवन के साथ जल्द रिहाई व अपराधमुक्त राह की कामना की। भाइयों ने भी बहनों की सुरक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए वचन दोहराया। त्योहार को देखते हुए सुबह से विशेष काउंटर बनाए गए थे ताकि प्रक्रिया सहज रहे। मिठाई और पूजा सामग्री की नियमानुसार जांच के बाद ही भीतर प्रवेश दिया गया।

जयरामपुरी बाबा गोधाम में 66वां गोसेवा महोत्सव मनाया

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयरामपुरी बाबा गोधाम में दीपावली पर 66वां गोसेवा महामहोत्सव मनाया। संकीर्तन, भजन, गोवर्धन पूजन और गोमाता के पुष्पाभिषेक के साथ आयोजन हुआ। संजय मिश्र ने गोरक्षा, कन्या रक्षा और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। पीठाधीश्वर हीरापुरी महाराज ने जीव सेवा को परम धर्म बताया। इस दौरान वृक्षारोपण, परिंडे लगाए। अन्नकूट प्रसाद बांटा।

शहीद की प्रतिमा को तिलक लगा बहन ने मनाई भाई-दूज



थिंक राजस्थान • झुंझुनूं

भाई दूज पर बहनें भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। झुंझुनूं के गांव घरड़ाना खुर्द में एक बहन ने देश की रक्षा के लिए शहीद हुए अपने भाई की प्रतिमा के सामने आरती उतारकर और तिलक लगाकर भाई दूज की रस्म निभाई। इस दौरान शहीद स्क्वाड्रन लीडर कुलदीप सिंह राव की बहन कमांडेंट अभिता राव भावुक हो गईं।

कमांडेंट अभिता राव ने भावुक होते हुए कहा - उनका भाई भले ही आज उनके बीच मौजूद नहीं है, लेकिन देश के लिए उसकी शहादत पर उन्हें गर्व है। वह हमेशा उनके दिल में और देश के अमर नायकों के रूप में जीवित रहेगा। भाई दूज के मौके पर बहन ने भाई के प्रति प्रेम और सम्मान जताने के साथ उसकी शहादत को भी नमन किया। परिवार के लिए यह पर्व भाई की यादों को फिर से ताजा करने वाला रहा। एक ओर भाई दूज की परंपरा निभाई गई, तो दूसरी ओर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले भाई को श्रद्धांजलि भी दी गई। इस दौरान शहीद स्क्वाड्रन लीडर कुलदीप सिंह राव की माता कमला देवी, पिता रणधीर सिंह राव, विद्याधर, अनुप, सुनील, रोताश, महेंद्र, सरपंच संदीप कुमार राव और सूरजभान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बाबा सीताराम आश्रम में अन्नकूट महोत्सव

थिंक राजस्थान • श्रीगंगानगर

गोलबाजार स्थित बाबा सीताराम आश्रम में मंगलवार को गोवर्धन पूजा के अवसर पर अन्नकूट महोत्सव उल्लासपूर्वक मनाया गया। गद्दीनशीन महंत रामेश्वर दास महात्यागी ने बताया कि प्रातःकाल भगवान श्रीराम दरबार, बालाजी महाराज, राधा-कृष्ण व शिव दरबार सहित अन्य प्रतिमाओं का विधिवत पूजन किया गया। इसके पश्चात भगवान श्रीराम को छप्पन भोग अर्पित कर सुख-समृद्धि व विश्व कल्याण की कामना की गई। महाआरती के बाद बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं में अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया गया, जिसमें विशेष रूप से कढ़ी-खीचड़ा, पूरी-सब्जी और हलवा शामिल रहा।

चार दिवसीय छठ महापर्व 13 से नहाय-खाय से होगा शुरू, इस बार सर्वार्थि सिद्धि योग व रवि योग

थिंक राजस्थान • श्रीगंगानगर

लोक आस्था और सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ 13 नवंबर से नहाय-खाय के साथ शुरू होगा। इस वर्ष छठ महापर्व पर ग्रहों और नक्षत्रों का दुर्लभ और शुभ संयोग बन रहा है। 14 नवंबर को खरना और 15 को अस्ताचलगामी सूर्यदेव को अर्घ्य और 16 नवंबर को उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जाएगा। रविवार का दिन स्वयं भगवान भास्कर की आराधना को समर्पित होता है, ऐसे में इस दिन विशिष्ट योगों का बनना छठ व्रतियों और उनके परिवारों के लिए विशेष फलदायी और मंगलकारी माना जा रहा है।

कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाने वाला कार्तिक छठ हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है। श्रीगंगानगर में महापर्व को लेकर कृत्रिम सरोवरों पर तैयारियां शुरू हैं। संतान के दीर्घायु जीवन, उत्तम स्वास्थ्य और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए व्रती 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत रखकर अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित करेंगे। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाने वाला कार्तिक छठ हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है। छठ अनुष्ठान के तीसरे दिन षष्ठी तिथि पर रविवार का होना अपने-आप में सूर्य पूजा के महत्व को कई गुना बढ़ा देता है। चार दिवसीय छठ महापर्व में बहुत ही शुभ योगों का संयोग मिल रहा है। छठ महापर्व की सबसे खास बात यह है कि इस व्रत से बल, आरोग्य, समृद्धि और संतान सुख की प्राप्ति होती है। इस व्रत के पुण्य प्रभाव से घर में सुख-शांति और समृद्धि आती है। संतान की कामना करने वाली महिलाओं के लिए यह व्रत उत्तम माना गया है। 13 नवंबर : नहाय-खाय- व्रती पवित्र स्नान और पूरी शुद्धता व सात्विकता के साथ कद्दू-भात (चने की दाल और लौकी की सब्जी) का प्रसाद ग्रहण कर चार दिवसीय व्रत का संकल्प लेंगे।

दिलोई मारपीट मामला गरमाया, दूसरे पक्ष ने खोला मोर्चा

एसपी से मांगा न्याय, दूसरे पक्ष ने भी पुलिस पर उठाए सवाल

थिंक राजस्थान • झुंझुनूं



बिसाऊ थाना क्षेत्र के दिलोई गांव में 7 नवंबर को हुई मारपीट का मामला अब और तूल पकड़ने लगा है। पहले एक पक्ष की ओर से कार्रवाई नहीं होने के आरोप लगाए गए थे, वहीं बुधवार को दूसरे पक्ष के ग्रामीण भी पुलिस के खिलाफ शिकायत लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई करने, उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं करने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उन्हें ही धमकाने का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना था कि गांव में उनके परिवार और समर्थकों को डराया-धमकाया जा रहा है, लेकिन पुलिस उनकी शिकायत सुनने को तैयार नहीं है।

ग्रामीण राजपाल श्योराण के नेतृत्व में पहुंचे लोगों ने पुलिस अधीक्षक को परिवाद देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने, उनकी रिपोर्ट दर्ज करने और नामजद लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वे अपनी शिकायत लेकर एसपी से मिलने जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें आवास तक नहीं पहुंचने दिया। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच बहस भी हुई। ग्रामीणों ने पुलिस पर महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया।

नापासर में बैडमिंटन लीगः राजीव गांधी स्टेडियम में 24 टीमें खेल रहीं

थिंक राजस्थान • नापासर



नापासर के राजीव गांधी स्टेडियम में पहली बार चार दिवसीय माहेश्वरी बैडमिंटन लीग शुरू हुई है। प्रतियोगिता में 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं। सभी मुकाबले शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक खेले जा रहे हैं। फाइनल मुकाबला 14 नवंबर को स्टेडियम के बैडमिंटन कोर्ट में होगा।

शुभारंभ समारोह में उत्तर राजस्थान माहेश्वरी प्रदेश अध्यक्ष मनोहरलाल सोनी, बीकानेर माहेश्वरी जिला अध्यक्ष संजय करनानी और पूर्व जिला अध्यक्ष ललित कुमार झंवर मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय लिया और प्रतियोगिता शुरू की। समारोह में माहेश्वरी समाज के लोग और महिलाएं भी शामिल हुईं। आयोजन से जुड़े मनीष मूंधड़ा ने बताया कि 24 टीमों को चार-चार टीमों के समूह में बांटकर मुकाबले कराए जाएंगे। आयोजकों के मुताबिक, प्रतियोगिता का उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को मंच देना और समाज के युवाओं में मेलजोल, टीम भावना और खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है।

15-20 लोगों ने भड़ला-3 पावर ग्रिड उपकेंद्र में हमला किया, दो सुरक्षा गार्ड घायल

मोबाइल और सामान छीनने का आरोप, एफआईआर दर्ज

थिंक राजस्थान • बज्जू

बज्जू थाना क्षेत्र के बीकमपुर स्थित केवी भड़ला-3 पावर ग्रिड उपकेंद्र में सोमवार शाम 15-20 लोगों ने घुसकर सुरक्षा कर्मियों से मारपीट की। घटना में दो सुरक्षा गार्ड घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाधिकारी चंद्रजीतसिंह भाटी ने बताया कि पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ महाप्रबंधक सुरेंद्र कुमार ने बज्जू थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट के मुताबिक 9 नवंबर को शाम करीब 7:30 बजे बीकमपुर निवासी चेनाराम और जीवनराम ने उपकेंद्र पर तैनात सुरक्षा गार्डों से गाली-गलौज की। आरोप है कि दोनों 15-20 साथियों के साथ दो वाहनों में उपकेंद्र पहुंचे। उन्होंने वाहनों से मुख्य प्रवेश द्वार को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त किया और परिसर में घुस गए।

रिपोर्ट के अनुसार आरोपियों ने लोहे की सरियों और पत्थरों से सुरक्षा कर्मियों पर हमला किया। सुरक्षा गार्ड नरपतसिंह के सिर में गंभीर चोट लगी और वे बेहोश हो गए। गज्जेसिंह भी घायल हुए। आरोपियों ने करीब 15-20 मिनट तक परिसर में तोड़फोड़ की और पावर ग्रिड की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। रिपोर्ट में गज्जेसिंह और किचन स्टाफ के सवाई सिंह के मोबाइल फोन व अन्य सामान छीनने और जाते समय धमकी देने का आरोप भी लगाया गया है। घायलों को पहले नोख, जिला फलौदी के अस्पताल ले जाया गया। वहां से गंभीर रूप से घायल गार्ड को फलोदी और फिर जोधपुर रेफर किया गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। जांच एएसआई झंवरलाल बिश्नोई को सौंपी गई है। पुलिस के मुताबिक, घायलों का मेडिकल मुआयना भी कराया जाएगा।

बोर्ड एग्जाम से पहले स्कूलों में गेस्ट टीचर्स लगेंगेः 23 नवम्बर से शुरू आवेदन

थिंक राजस्थान • बीकानेर

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर के एग्जाम शुरू होने से करीब दो महीने पहले शिक्षा विभाग ने शहरी क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में टीचर्स के खाली पद भरने की प्रक्रिया शुरू की है। इसके लिए विद्या संबल योजना के दूसरे चरण के तहत गेस्ट फैकल्टी लगाई जाएगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर की ओर से 10 नवंबर को जारी आदेश के अनुसार नगरीय निकाय क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों में पात्र अभ्यर्थियों को पूरी तरह अस्थायी आधार पर लगाया जाएगा। आवेदन 23 से 25 नवंबर तक किए जा सकेंगे।

योजना के तहत सरकारी स्कूलों में विभिन्न सब्जेक्ट्स के टीचर्स के खाली पदों पर गेस्ट फैकल्टी लगाई जाएगी। इसके लिए उन्हीं पदों पर चयन होगा, जो स्कूल में स्वीकृत हैं और खाली हैं। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की योग्यता राजस्थान शिक्षा (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम-2021 में तय प्रावधानों के अनुसार होनी चाहिए।

अभ्यर्थियों की प्राथमिकता सूची तैयार करने के लिए शैक्षणिक योग्यता के अंकों का 75 प्रतिशत और व्यावसायिक योग्यता के अंकों का 25 प्रतिशत हिस्सा जोड़ा जाएगा। चयन प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर इंटरव्यू नहीं होगा। आदेश में रिटायर हो चुके कर्मचारियों को प्राथमिकता देने का भी प्रावधान है। रिटायर कर्मचारी उपलब्ध नहीं होने पर समान अंक पाने वाले निजी अभ्यर्थियों में अधिक उम्र के अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी।

गेस्ट फैकल्टी के रूप में कक्षा 11वीं और 12वीं के शिक्षकों को प्रति घंटे 400 रुपए मानदेय दिया जाएगा। इसके लिए अधिकतम मासिक मानदेय 30 हजार रुपए तय किया गया है।

यह रहेगा आवेदन और चयन का कार्यक्रम

19 नवंबरः यूसीईओ स्कूल स्तरीय चयन समिति का गठन होगा।

21 नवंबरः खाली पदों का विज्ञापन जारी होगा।

23 से 25 नवंबरः अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।

26 नवंबरः मिले आवेदनों की सूची जारी होगी।

27 से 28 नवंबरः आवेदन पत्रों की जांच होगी। अस्थायी वरीयता सूची जारी कर आपत्तियां मांगी जाएंगी।

30 नवंबरः अंतिम वरीयता सूची जारी होगी।

1 दिसंबरः चयनित अभ्यर्थियों के आवेदन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय भेजे जाएंगे।

2 दिसंबरः मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से आवेदन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय भेजे जाएंगे।

3 दिसंबरः जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से आवेदन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय भेजे जाएंगे।

4 दिसंबरः जिला स्तरीय समिति चयन सूची को मंजूरी देगी। इसी दिन रात 11:59 बजे तक नियुक्ति आदेश जारी किए जाएंगे।

65 साल तक के अभ्यर्थी कर सकेंगे आवेदन


आदेश के अनुसार 65 साल तक के रिटायर शिक्षक और निजी अभ्यर्थी तय योग्यता पूरी करने पर आवेदन कर सकेंगे। चयनित अभ्यर्थियों को सात दिन के भीतर अपनी सहमति देनी होगी। इसके बाद तय समय पर संबंधित स्कूल में कार्यभार संभालना होगा। गेस्ट फैकल्टी की नियुक्ति पूरी तरह अस्थायी होगी। इससे किसी भी अभ्यर्थी को नियमित सरकारी सेवा में नियुक्ति का अधिकार नहीं मिलेगा।

ग्रामीण स्कूलों के लिए अभी जारी नहीं हुई समय-सारणी

माध्यमिक शिक्षा निदेशक लालित कुमार की ओर से जारी आदेश में साफ किया गया है कि फिलहाल यह कार्यक्रम नगरीय निकाय क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों के लिए है। ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों को इस प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया है। जारी समय-सारणी सांकेतिक है। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जरूरत के अनुसार इसमें बदलाव कर सकते हैं।

बेटे की शादी में पिता का सपना हुआ पूरा: पिलानी में हेलीकॉप्टर से पहुंची दुल्हन







थिंक राजस्थान • पिलानी

भारतीय सेना से रिटायर राजेश पूनिया का सपना था कि उनका बेटा अपनी दुल्हन को हेलीकॉप्टर से गांव लेकर पहुंचे। पिता का ये सपना 11 नवंबर 2026 को पूरा हुआ। बेटा अभिनव पूनिया जब अपनी दुल्हन निकिता कुलहरी को हेलीकॉप्टर से गांव लेकर पहुंचा तो पूरा गांव दुल्हन और हेलीकॉप्टर को देखने के लिए जुट गया। ग्रामीणों ने पूरी गर्मजोशी के साथ दुल्हन का स्वागत किया। मामला झुंझुनूं जिले की पिलानी पंचायत समिति क्षेत्र के ढंढारिया गांव का है। 10 नवंबर को अभिनव की बिंजूसर (चूरू) निवासी निकिता कुलहरी के साथ हुई। अभिनव ने बताया-मैंने बीएससी के बाद मर्चेंट नेवी जॉइन किया था। 5 दिसम्बर 2025 को मेरी बिंजूसर (झुंझुनूं) निवासी निकिता से साथ सगाई हुई थी। सगाई के बाद से ही मेरा और मेरे पिता राजेश पूनिया का सपना था कि गांव में हेलीकॉप्टर से दुल्हन को लेकर आएंगे। इसके बाद तय किया गया कि शादी के बाद मेरे ससुराल से दुल्हन को हेलीकॉप्टर में लेकर आया जाएगा। अभिनव ने बताया-मेरे पिता 2008 में भारतीय सेना से रिटायर होने के बाद अब मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस की टेक्निकल विंग में कार्यरत हैं और दिल्ली में पोस्टेड हैं। वहीं निकित ने बीएससी नर्सिंग तक पढ़ाई कर रखी है। उसके माता पिता दोनों ही टीचर हैं। वहीं छोटा भाई अभी पढ़ाई कर रहा है। गांव में हेलीकॉप्टर की लैंडिंग के चलते मंड्रेला पुलिस प्रशासन मौके पर मौजूद रहा।

ब्रीफ न्यूज

जोधपुर में सड़क पर किया स्टंट, 2 युवक गिरफ्तार



थिंक राजस्थान • जोधपुर

दीपावली के त्योहार पर 8 नवंबर को जोधपुर में सड़क पर खतरनाक तरीके से दो कैंपर गाड़ी में युवकों ने स्टंट किया। इस दौरान दोनों कैंपर गाड़ी में पीछे कई युवक बैठे थे। तेज गाड़ी चलाने से एक गाड़ी के ड्राइवर का बैलेंस बिगड़ गया। इससे गाड़ी पलट गई और पीछे बैठे युवक सड़क पर गिर गए। इस स्टंट का वीडियो पीछे चल रहे एक गाड़ी सवार ने बनाया था। जो सोशल मीडिया पर शेयर किया था। स्टंट का वीडियो वायरल होने के बाद रातानाडा थाना पुलिस ने सुरेश चौधरी (36) पुत्र चुतराराम निवासी थोरियों की ढाणी पाल बालाजी और हिमांशु शर्मा (21) पुत्र ओमप्रकाश निवासी गायत्री नगर पाल रोड जोधपुर को बुधवार को गिरफ्तार किया। वहीं, घटना में इस्तेमाल की गई दो गाड़ियों को भी जब्त किया गया है। गिरफ्तार दोनों युवक स्टंटबाजी के दौरान गाड़ी चला रहे थे।

माइसेटोमा की नई दवा के अंतरराष्ट्रीय ट्रायल की बैठक



थिंक राजस्थान • जोधपुर

माइसेटोमा के इलाज के लिए विकसित की जा रही नई दवा फोसरावुकोनाजोल के चरण-III क्लिनिकल ट्रायल की तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय बैठक 3 से 5 नवंबर तक केन्या में हुई। डीएनडीआई-एफओएसआर-07 एमवाईसी ट्रायल के तहत आयोजित बैठक में दुनिया भर के त्वचा विशेषज्ञ, शोधकर्ता और चिकित्सक शामिल हुए। बैठक का नेतृत्व जोधपुर के त्वचा विशेषज्ञ, पूर्व प्राचार्य एवं मथुरादास माथुर अस्पताल के त्वचा विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. दिलीप कच्छवाह ने किया।डॉ. कच्छवाह ने बताया कि माइसेटोमा त्वचा और हड्डियों को प्रभावित करने वाला गंभीर संक्रमण है, जो फफूंद या बैक्टीरिया से होता है। मुख्य रूप से पैरों को प्रभावित करने वाली यह बीमारी इलाज नहीं मिलने पर विकलांगता का कारण बन सकती है। बैठक में फोसरावुकोनाजोल की प्रभावकारिता, सुरक्षा, खुराक और फार्माकोकाइनेटिक्स पर चर्चा हुई। साथ ही प्रोटोकॉल ट्रेनिंग, सर्जरी, लैबरेटरी प्रक्रियाओं, फार्माकोविजिलेंस, डेटा मैनेजमेंट और साइट ऑपरेशन्स का प्रशिक्षण दिया गया।

2101 कलमों की पूजा, निकाली भगवान चित्रगुप्त की शोभायात्रा



थिंक राजस्थान • जोधपुर

चौपासनी कायस्थ समाज विकास संस्थान की ओर से बुधवार को भाईदूज पर भगवान चित्रगुप्त की 21वीं भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें 21 ट्रैक्टरों के साथ हाथी-घोड़े, ऊंट, नौपत, नगाड़े और बैंड-बाजे आकर्षण का केंद्र रहे। समाजबंधुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस दौरान भगवान चित्रगुप्त के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। संस्थान अध्यक्ष देवेंद्र माथुर और महासचिव जगदीशलाल माथुर ने बताया कि चौहाबो स्थित कायस्थ सामुदायिक भवन में समाज के गुरु प्रकाशानंद महाराज के मुख्य आतिथ्य में पूजा-अर्चना और महाआरती हुई। समाज की आजीविका के प्रतीक 2101 कलमों की पूजा कर प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया। मुख्य संयोजक अनिल माथुर, उप संयोजक मनीष जीवी और मनीष अंशु ने बताया कि अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा रवाना की। यात्रा सामुदायिक भवन से लव-कुश संस्थान, सेटेलाइट हॉस्पिटल, नौवें सेक्टर बाजार, सेंट्रल एकेडमी स्कूल, सेक्टर 11-12, 18 और 19 होते हुए दोपहर एक बजे वापस सामुदायिक भवन पहुंची। यहां सामूहिक महाप्रसादी हुई। समाज के सभी घरों में कायस्थ कैलेंडर-2027 भी भेंट किया गया। आयोजन में नरेश नेपालिया, अमित माथुर, इंद्रराज, अभिषेक, वीसी माथुर, डॉ. राजेंद्र सहित अनेक सदस्यों ने सहयोग किया।

जोधपुर में भाजपा-कांग्रेस की बाड़ाबंदी शुरू: दोनों दलों को क्रॉस वोटिंग का डर; बीजेपी बालोतरा में लगाएगी प्रशिक्षण शिविर

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर में पंचायती राज चुनाव की वोटिंग दो चरणों में पूरी हो चुकी है। अब दीपावली के त्यौहार के बाद राजनीतिक दलों ने कैंडिडेट्स की बाड़ाबंदी शुरू कर दी है। जिले में 43 जिला परिषद और 23 पंचायत समिति के 649 सदस्यों के लिए पहले और दूसरे चरण में वोट डाले गए थे। इसके बाद दीपावली का त्यौहार के चलते कैंडिडेट क्षेत्र में ही रहे। अब दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों बीजेपी-कांग्रेस जिला परिषद एवं पंचायत समिति में अपना कब्जा जमाने के लिए ताकत लगा रहे हैं। दोनों दलों ने क्रॉस वोटिंग से बचने और पाला बदलने से रोकने के लिए चुनाव का रिजल्ट आने से पहले उम्मीदवारों की बाड़ाबंदी शुरू कर दी है।

भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पार्टी की रीति-नीति से अवगत कराया जाएगा। सूत्रों के अनुसार- भाजपा ने पंचायत समिति और जिला परिषद के उम्मीदवारों को आज जोधपुर से बाहर भेजा है। सूत्रों के अनुसार इन कैंडिडेट्स को बालोतरा जिले में प्रशिक्षण दिया जाएगा। चुनाव परिणाम आने तक इन्हें प्रशिक्षण शिविर में ही रखा जाएगा। वहीं,जिला प्रमुख पद पर लंबे समय तक काबिज रहने वाली कांग्रेस ने भी पद को बरकरार रखने की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी जिला परिषद के उम्मीदवारों के साथ ही पंचायत समितियों में उतारे गए कैंडीडेट्स की भी बड़ाबंदी कर रही है। कांग्रेस फिलहाल जोधपुर जिले में ही अलग-अलग जगह पर कैंडिडेट्स की बाड़ाबंदी कर रही है।

कांग्रेस ने जिला परिषद के उम्मीदवारों को फिलहाल पंचायत समिति के कैंडिडेट के साथ ही रखा है। 20 नवंबर को रिजल्ट आने के बाद जिला परिषद के सदस्यों की अलग से बड़ा बंदी की जाएगी। इसके बाद इन्हें दूसरी जगह भेजा जा सकता है। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) ने भी जिला परिषद और पंचायत समिति में कैंडिडट उतारे हैं। पार्टी के उम्मीदरवार कई जगह टक्कर में हैं। हालांकि आरएलपी की तरफ से फिलहाल बाड़ाबंदी नहीं की जा रही।

जोधपुर जिला प्रमुख पद अनारक्षित ओपन है। यानि यहां पर किसी भी वर्ग का जिला प्रमुख बन सकता है। वहीं जिले की 23 पंचायत समितियों के प्रधान पदों के लिए एससी ओपन की 2, एससी महिला की 2, एसटी ओपन की 1 सीट निर्धारित की गई है। वहीं ओबीसी ओपन की 2, ओबीसी महिला की 2 सीटें तय की गई हैं जबकि 7 सीटें अनारक्षित महिला के लिए रिजर्व की गई हैं। 7 सीट ही अनारक्षित ओपन रहेंगी।

गुजरात से रामदेवरा जाते परिवार की कार ट्रक से भिड़ी, 7 घायल, बच्चे की हालत गंभीर

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर में एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। कार सवार एक ही परिवार के सात लोग हादसे में घायल हो गए। सभी लोग गुजरात से रामदेवरा दर्शन करने जा रहे थे। यह हादसा चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाना क्षेत्र के डाली बाई सर्किल के पास रिंग रोड पर बुधवार शाम करीब 5 बजे हुआ। घटना में कार पूरी तरह से बिखर गई। हादसे में दो साल के बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

एसआई महेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि हादसे में कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह से बिखर गया। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से सभी को हॉस्पिटल पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि हादसे में रेखा पत्नी विक्रम, मनीषा पत्नी जिग्नेश, रिंकू पत्नी अमित, अमित पुत्र विक्रम, विक्रम पुत्र मोहन, जिग्नेश पुत्र विक्रम और दो साल का युग घायल हो गए। राठौड़ ने बताया कि परिवार वड़ोदरा से रामदेवरा दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान रिंग रोड पर हादसा



हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने सभी घायलों को एक-एक कर कार से निकाला। एसआई महेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि ड्राइवर का इलाज मथुरादास माथुर हॉस्पिटल में चल रहा है। वहीं परिवार के 6 लोगों को एम्स में भर्ती कराया गया है। इसमें दो साल के युग की हालत गंभीर है। बाकी लोगों के सिर में चोट लगी है। हादसा कैसे हुआ और किस वजह से हुआ। ये सीसीटीवी देखने पर सामने आएगा।

दूसरे राज्य से आए व्यक्ति को राजस्थान में आरक्षण नहीं

नौकरी में ST को सामान्य कैटेगरी में माना जाएगा, हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

थिंक राजस्थान • जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ ने कहा है कि दूसरे राज्य के आरक्षित वर्ग से राजस्थान आकर बसे व्यक्ति (कैंडिडेट) को यहां सरकारी नौकरी में आरक्षण नहीं मिलेगा। ऐसे उम्मीदवारों को सामान्य श्रेणी में माना जाएगा। जस्टिस विनीत कुमार माथुर और जस्टिस चंद्र शेखर शर्मा की खंडपीठ ने बारिया शर्मिष्ठा बेन की विशेष अपील खारिज कर दी।

बारिया शर्मिष्ठा बेन मूल रूप से गुजरात की रहने वाली हैं। वे वहां अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग में आती हैं। शादी के बाद वे राजस्थान आकर बस गईं। उन्होंने राजस्थान में नर्सिंग ऑफिसर पद के लिए आवेदन किया और एसटी श्रेणी में आरक्षण मांगा था। राज्य सरकार ने विज्ञापन की शर्तों और नियमों का हवाला देते हुए उन्हें एसटी श्रेणी में मानने से इनकार कर दिया। उनकी उम्मीदवारी सामान्य श्रेणी में रखी गई।

इसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट की एकल पीठ में याचिका दायर की थी। 23 सितंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट के 'रंजना कुमारी बनाम उत्तराखंड राज्य' मामले के फैसले के आधार पर याचिका खारिज कर दी गई। इसके बाद उन्होंने खंडपीठ में अपील की।

सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने 'मरी चंद्र शेखर राव' और 'एक्शन कमेटी ऑन द इशू ऑफ कास्ट सर्टिफिकेट' मामलों में सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला दिया। अदालत ने कहा- एक राज्य के आरक्षित वर्ग का व्यक्ति दूसरे राज्य में जाने पर अपने मूल राज्य का आरक्षित दर्जा वहां लागू नहीं कर सकता। खंडपीठ ने कहा कि अलग-अलग राज्यों में सामाजिक कठिनाइयों और पिछड़ेपन के पैमाने अलग होते हैं। इसलिए एक राज्य की सूची में शामिल जाति को दूसरे राज्य में अपने आप आरक्षण का लाभ नहीं मिल सकता। अदालत ने अपील खारिज कर दी।

फालना आगजनी मामले में दो युवकों को डिटेन किया

थिंक राजस्थान • पाली

पाली जिले के फालना में दीपावली की रात को पटाखे की चिंगारी से लगी आग से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई और तीन दुकानें खाक हो गईं। मामले में फालना थानाप्रभारी पन्नालाल ने बताया- घटना में उषा पूनमिया, उनके पति प्रकाश पूनमिया और जेठ गौतम पूनमिया की मौत हो गई थी। वारदात को लेकर दो युवकों मांगीलाल देवासी और सुरेश कुमार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पूछताछ जारी है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच जारी है।

दीपावली के रात हुए इस हादसे पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और कांग्रेस नेता टीकाराम जूली ने सोशल मीडिया पर मैसेज शेयर कर शोक जताया है। पाली जिले के बेडल गांव (फालना) निवासी केरलम के राज्यपाल ओम माथुर मंगलवार को फालना में पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और घर जाकर घटना पर दुख व्यक्त किया। बता दें कि दीपावली की रात 8 नंवबर को फालना के स्वर्ण मंदिर के पास कॉस्मेटिक शॉप के बाहर लगी अस्थाई पटाखा शॉप में चिंगारी से आग लग गई थी।

सोजत में जहरीली दवा पीने से विवाहिता की अस्पताल में मौत

थिंक राजस्थान • सोजत

जिले के सोजत के पास अटबड़ा गांव में बुधवार को जहरीली दवा पीने से एक विवाहिता की मौत हो गई। परिजन उसे सोजत के ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार में शोक छा गया।

चंडावल थाने के सहायक उप निरीक्षक लालूराम सीरवी ने बताया कि मृतका मोनिका प्रजापत का ससुराल जैतारण थाना क्षेत्र के ठाकरवास गांव में है। वह दीपावली के बाद परिजनों से मिलने दो दिन पहले ही अपने पीहर अटबड़ा आई थी। बुधवार को मोनिका के माता-पिता किसी काम से बिलाड़ा गए हुए थे। मोनिका को दम की शिकायत थी। इसी दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसने भूलवश जहरीली दवा पी ली। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सोजत ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

मोनिका की शादी करीब 14-15 साल पहले हुई थी। उसके 11 साल की बेटी और 7 साल का बेटा है। पति धर्माराम गांव में बारदान की दुकान चलाते हैं। घटना की सूचना पर पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर मर्ग कायम किया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू करवा दी है।

पाली में एमडी ड्रग के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

थिंक राजस्थान • पाली

पाली के औद्योगिक नगर थाना पुलिस ने 5.41 ग्राम एमडी के साथ एक



हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। आरोपी के खिलाफ पहले से 12 मुकदमे दर्ज हैं और वह औद्योगिक नगर थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

औद्योगिक नगर थानाप्रभारी निरमा विश्नोई ने बताया - 8 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी। इस पर पुलिस टीम ने सोसायटी नगर में किराए पर रहने वाले सोहनलाल के यहां दबिश दी। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 5.41 ग्राम एमडी बरामद हुई।

पुलिस ने महाराणा प्रताप नगर निवासी और वर्तमान में लक्ष्मीनगर, पाली में रहने वाले सोहनलाल (32) पुत्र पन्नाराम को गिरफ्तार किया है। आरोपी औद्योगिक नगर थाने का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ पहले से 12 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस आरोपी से एमडी के संबंध में पूछताछ कर रही है।

जालोर: कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के सामने किया प्रदर्शन

थिंक राजस्थान • जालोर

जालोर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट के सामने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ की गई व्यक्तिगत टिप्पणी पर नाराजगी जताई। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। उन्होंने मुख्यमंत्री से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है।

प्रदर्शन से पहले बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जिला कलेक्ट्रेट के सामने जमा हुए। यहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पुतला जलाया और विरोध जताया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने बताया- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर व्यक्तिगत टिप्पणी करते हुए कहा था- राजनीति में आने से पहले जब गहलोत खाद-बीज की दुकान चलाते थे, तब वे किसानों को लूटते थे और नकली खाद-बीज बेचते थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अपने संवैधानिक पद की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए। यदि उनके पास आरोपों के समर्थन में कोई सबूत हैं तो कार्रवाई करें नहीं तो सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। इस दौरान नगर परिषद सभापति बंशीलाल माली, उप सभापति सैय्यद मुमताज अली, निम्बाराम माली, पुखराज माली, नरेश राणा, टिकम माली, मंगलाराम, लक्ष्मण सिंह, वाईदुला खान, रमेश सोलंकी और वीरेंद्र जोशी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पूर्व पीएम हसीना की वापसी के ऐलान पर बांग्लादेश में तनाव

ढाका और छह अन्य जिलों में कम से कम 28 जगह देसी बम धमाकों की घटनाएं हुईं। पुलिस मुख्यालय का दावा है कि इन घटनाओं के पीछे शेख हसीना की पार्टी के समर्थक हैं

21 जिलों में हिंसा, 24 घंटे में 22 वाहन फूंके, ट्रेन का कोच जलाया, कई सरकारी संस्थान हुए बंद

एजेंसी ▶▶ ढाका

पूर्व पीएम शेख हसीना की वापसी के ऐलान के बाद बांग्लादेश में हिंसा फिर भड़क गई है। सोमवार रात से मंगलवार शाम तक देश के कम से कम 21 जिलों में आगजनी की घटनाएं सामने आईं। बसों और ट्रेन के कोच में आग लगाई गई। सरकारी दफ्तरों और शिक्षण संस्थानों के गेट भी बंद कर दिए गए। बांग्लादेश पुलिस और ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में 11 जिलों में 22 वाहनों को आग लगाई गई।



पथराव करते प्रदर्शनकारी

बस में आग लगने से ड्राइवर की मौत

सोमवार देर रात फरीदपुर शहर के गोलाचामट इलाके में न्यू बस टर्मिनल पर खड़ी एक बस में आग लगा दी गई। पुलिस के मुताबिक, बाइक पर तीन लोग आए थे। इनमें से एक ने बस पर पेट्रोल डाला और आग लगा दी। घटना के समय बस ड्राइवर मोहम्मद कलाचन अंदर सो रहा था।



यात्री बसों में लगाई आग

फार्मगेट मेट्रो स्टेशन के ठीक नीचे खड़ी बस को आग के हवाले कर दिया गया। आग पेट्रोल बम फेंक कर लगाई गई। मीरपुर-11 में पोस्ट ऑफिस और मेट्रो रेल लाइन के पास बस में आग लगा दी गई। पल्लवी इलाके में सड़क किनारे खड़ी दो बसों को फूंक दिया गया। चट्टोग्राम के पहाड़तली इलाके के सागरिका और कलूरघाट में दो यात्री बसों को आग लगा दी गई। बरगुना के बेतागी में नगर निगम के ट्रक और मानिकगंज बस स्टैंड पर एक बस को फूंक दिया गया। नाओगांव में अल बराका परिवहन की दो बसें भी आग की चपेट में आ गईं। किशोरगंज के बाजितपुर में कॉलेज की बस जला दी गई। ढाका के पास सावर और धामराई में अलग-अलग घटनाओं में दो वाहनों को निशाना बनाया गया। मंगलवार सुबह गोपालगंज के टुंगीपाड़ा में तनाव बढ़ गया। सुबह करीब 9:30 बजे प्रतिबंधित छात्र लीग के कार्यकर्ताओं ने गोहारडांगा चौरंगी चौराहे पर सामान जलाकर सड़क जाम कर दी।

ब्रिटेन के छह सांसदों की अपील

शेख हसीना को न दी जाए मौत की सजा स्वतंत्र जांच और निष्पक्ष सुनवाई की मांग

लंदन। बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को मौत की सजा दिए जाने के मामले में ब्रिटेन के छह सांसदों ने विदेश मंत्री एली मिलिबैंड से हस्तक्षेप की अपील की है। सांसदों ने ब्रिटेन सरकार से बांग्लादेश के साथ कूटनीतिक स्तर पर बातचीत करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि हसीना के स्वदेश लौटने पर उन्हें फांसी न दी जाए। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) को पिछले महीने भेजे गए पत्र में सांसदों ने बांग्लादेश के सक्षम अधिकारियों से लिखित आश्वासन लेने की मांग की है।



इन सांसदों ने लिखी चिट्ठी

इस अपील पर कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद सॉब कलेकमैन, डेमोक्रेटिक यूनियनिस्ट पार्टी के जिम शैनन और स्कॉटिश नेशनल पार्टी के सीमस लोगन ने हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा स्कॉटिश संसद के तीन सदस्य मार्टिन डे, पॉल मैकलनन और एलन ब्राउन भी इस अपील में शामिल हैं। यूरोपीय संसद के पूर्व सदस्य डॉ. चार्ल्स टैनॉक ने भी पत्र का समर्थन किया है। सांसदों ने कहा कि उनकी मुख्य चिंता यह है कि आपराधिक न्याय व्यवस्था का इस्तेमाल राजनीतिक संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। पत्र में कहा गया है कि शेख हसीना के खिलाफ गंभीर आरोपों की स्वतंत्र जांच और निष्पक्ष सुनवाई होनी चाहिए। इन आरोपों को राजनीतिक बदले या विरोधियों को राजनीति से बाहर करने का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए।

खबर संक्षेप

मंत्री जितेंद्र सिंह तीन दिवसीय इटली दौरे पर

नई दिल्ली। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और पीएम कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा तथा अंतरिक्ष विभाग के राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर इटली के लिए रवाना हुए। इस यात्रा का उद्देश्य यूरोप के साथ भारत के वैज्ञानिक जुड़ाव को मजबूत करना तथा विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय साझेदारी को आगे बढ़ाना है। इस यात्रा के दौरान उच्चस्तरीय द्विपक्षीय बैठकें की जाएंगी।



डिप्टी पीएम डार के पोते पर दुष्कर्म का आरोप

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में उपपीएम और विदेश मंत्री इशाक डार के पोते रजा डार समेत आठ लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। लाहौर की एक अदालत ने दो विदेशी महिलाओं से सामूहिक दुष्कर्म और उन्हें बंधक बनाने के मामले में सभी आठ आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। खास बात यह है कि इस मामले में पुलिस पहले इशाक डार के पोते और उसके चार दोस्तों को क्लीन चिट दे चुकी थी। पुलिस ने इसके बजाए तीन अन्य कर्मचारियों को आरोपी बनाया था।



बम की धमकी से इटली में 300 स्कूल खाली कराए

मिलान। इटली में बुधवार को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सैकड़ों स्कूलों को खाली कराया गया। इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि स्कूलों के लिए किसी 'ठोस खतरे' का कोई संकेत नहीं था और धमकियां 'अलार्म और चिंता पैदा करने' के उद्देश्य से प्रतीत होती हैं। उन्होंने कहा कि जांच चल रही है। उन्होंने मंत्रियों की बैठक भी बुलाई। वहीं, आयरलैंड, स्कॉटलैंड और उत्तरी आयरलैंड के स्कूलों को भी इसी तरह की धमकियां मिलीं, लेकिन वहां किसी भी स्कूल को खाली नहीं कराया गया।



अमेरिका का दावा, न्यूयॉर्क की जेल से ब्रिटिश एयरबेस पर रची थी हमले की साजिश

3 आतंकियों के खिलाफ आरोप तय, ईरानी सेना और आतंकी संगठन हिजबुल्लाह से रहे हैं संबंध

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिकी प्राधिकारियों ने यूरोप एवं अमेरिका में यहूदी समुदायों और ब्रिटेन के सैन्य अड्डे आरएएफ फेयरफोर्ड को निशाना बनाकर करीब 20 आतंकवादी हमले करने की साजिश रचने के आरोप में मंगलवार को तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। मैनहट्टन की संघीय अदालत में सार्वजनिक किए गए अभियोग पत्र में ईरान और इराक की दोहरी नागरिकता रखने वाले मोहम्मद बाकिर साद दाऊद अल-सादी, ईरानी नागरिक मोहसिन मोहाजेरी और इराकी नागरिक मोहम्मद अली अल-हसानी के खिलाफ आरोपों का विवरण दिया गया है। दावा है कि तीनों के ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) और इराक के संगठन कताइब हिजबुल्लाह से संबंध थे।

आरोपी सादी ने इराक में अपनी मां और बहन से बातचीत के दौरान सांकेतिक भाषा का इस्तेमाल कर अपने सहयोगियों तक संदेश पहुंचाए



मोहम्मद बाकेर अल-सादी (बाएं) और ईरानी सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी

एयरबेस के पास मिली थीं 3 संदिग्ध गाड़ियां

न्यूयॉर्क में अमेरिकी अटॉर्नी जेमी मैकडोनाल्ड ने एक बयान में कहा कि मई में गिरफ्तार किए जाने के बावजूद अल-सादी सितंबर में ब्रिटेन के फेयरफोर्ड स्थित रॉयल एयर फोर्स (आरएएफ) अड्डे पर आतंकवादी हमले की कोशिश से पहले तक अपने सह-आरोपियों के साथ मिलकर साजिश रचता रहा। इस सैन्य अड्डे पर अमेरिकी बमवर्षक विमान और सैनिक तैनात थे। न्यूयॉर्क में आतंकवाद के आरोप में जेल में बंद अल-सादी ने ब्रिटेन के हवाई अड्डे पर हमले की योजना बना रहे ईरानी एजेंटों तक गुप्त संदेश पहुंचाए थे। अभियोजकों के अनुसार, अल-सादी ने इराक में अपनी मां और बहन से फोन तथा वीडियो कॉल पर बातचीत के दौरान सांकेतिक भाषा का इस्तेमाल कर अपने सहयोगियों तक संदेश पहुंचाए और उन्हें हवाई अड्डे पर बम हमला करने के लिए प्रोत्साहित किया। 27 सितंबर को एयरफोर्स के फेयरफोर्ड एयरबेस के पास तीन संदिग्ध वैन मिली थीं।

हत्या की साजिश से बेसेंट ने छोड़ा घर

ईरान से जान का खतरा होने के बाद अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने वॉशिंगटन डीसी के पास स्थित अपना घर छोड़ दिया है। वह अब एक सैन्य अड्डे पर रह रहे हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने हाल के हफ्तों में निष्कर्ष निकाला कि मौजूदा और पूर्व अमेरिकी अधिकारियों के खिलाफ ईरान की साजिशें पहले से ज्यादा गंभीर स्तर पर पहुंच गई हैं। यह आकलन कुछ हद तक बेसेंट को मिली धमकियों से जुड़ी खुफिया जानकारी पर आधारित है।



पाक ने अमेरिकी विमान को नहीं उतरने दिया

पाकिस्तान ने मंगलवार को अमेरिका के एक डिपोर्टेशन विमान को अपने यहां उतरने की इजाजत नहीं दी। इस विमान में कम से कम 9 ईरानी नागरिक सवार थे, जिन्हें पाकिस्तान के रास्ते ईरान भेजा जाना था। पाकिस्तान के अचानक इनकार के बाद विमान को बीच रास्ते से ही अमेरिका लौटना पड़ा। मंगलवार दोपहर तक सभी ईरानी नागरिकों को विमान से उतारकर एरिजोना के इमिग्रेशन डिटेंशन सेंटर में वापस भेज दिया गया।

ईरान ने परमाणु गतिविधियां शुरू की तो करेंगे कार्रवाई



अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने कहा कि अगर ईरान अपने क्षतिग्रस्त परमाणु स्थलों पर फिर से गतिविधियां शुरू करता है तो ट्रंप प्रशासन कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने कहा कि युद्धविराम का यह मतलब नहीं है कि अमेरिका ईरान पर नजर रखना बंद कर देगा। हेगसेथ ने कहा कि हम उन परमाणु ठिकानों पर निगरानी और नजर बनाए रखने में सक्षम हैं।

ईरान में महिलाओं के लिए वार ट्रेनिंग कैंप खुला



अमेरिकी हमलों की आशंका के बीच ईरान ने अपना पहला पूर्ण महिला सैन्य प्रशिक्षण शिविर खोल दिया है। ईरान के लिए अपने जीवन का बलिदान देने की इच्छुक महिलाएं तेहरान के आजादी स्क्वायर पर सैन्य अभ्यास में जुटी हुई हैं। अमेरिका के साथ तनाव के बीच, ईरान ने तेहरान में महिला आर्मी तैयार कर ली है।

ईरान ने नई अंडरग्राउंड मिसाइल सिटी दिखाई



ईरान की आईआरजीसी ने नई अंडरग्राउंड मिसाइल सिटी का वीडियो जारी किया है। इसमें बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के साथ उन्हें लॉन्च करने वाले सिस्टम भी रखे दिखाई दिए। इसके उद्घाटन में ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल अली अब्दुल्लाही और आईआरजीसी के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल माजिद मौसवी शामिल हुए थे।

ड्रग पॉलिसी वर्किंग ग्रुप की दूसरी बैठक

सिंथेटिक ड्रग्स की तस्करी रोकने भारत-यूएस ने बढ़ाया 'सहयोग'



भारत-अमेरिका के बीच हुई बैठक

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत और अमेरिका मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले नेटवर्क का पता लगाने और सिंथेटिक ड्रग्स बनाने में इस्तेमाल होने वाले रसायनों को अवैध आपूर्ति श्रृंखलाओं तक पहुंचने से रोकने के लिए सहयोग बढ़ा रहे हैं। व्हाइट हाउस ने दोनों देशों के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद जारी बयान में यह जानकारी दी।

व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय मादक पदार्थ नियंत्रण नीति कार्यालय (ओएनडीसीपी) के अनुसार, 2 और 3 नवंबर को नई दिल्ली में भारत-अमेरिका ड्रग पॉलिसी एग्जीक्यूटिव वर्किंग ग्रुप की दूसरी बैठक हुई। इसमें खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान, समन्वित कानून प्रवर्तन अभियानों और दवा आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी। दोनों पक्षों ने तस्करी के उभरते खतरों और मादक पदार्थों की मांग कम करने के उपायों पर भी चर्चा की।

सप्लाई नेटवर्क को करेंगे ध्वस्त

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि दोनों देश सहयोग के वादों से आगे बढ़कर व्यावहारिक कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अवैध रासायनिक पदार्थों की आपूर्ति रोकने, वाणिज्यिक आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने और इनका दुरुपयोग करने वाले तस्करी गिरोहों को खत्म करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। अनुराग गर्ग ने भारत के 'विजन रोडमैप 2026-2029' की जानकारी दी। इसमें केवल मादक पदार्थों की खेप पकड़ने के बजाए पूरे आपराधिक नेटवर्क की जांच पर जोर दिया गया है। इसके तहत गिरोहों के वित्तपोषकों, आपूर्तिकर्ताओं, मददगारों और परिवहन नेटवर्क को निशाना बनाने के साथ वित्तीय जांच, नशा रोकथाम और पुनर्वास पर भी ध्यान दिया जाएगा। बैठक में भारत की दो प्रवर्तन पहलों 'ऑपरेशन मेडमैक्स' और 'ऑपरेशन वाइप' पर भी चर्चा हुई।

'ऑपरेशन मेडमैक्स' की दी जानकारी

जुलाई 2025 में चलाए गए 'ऑपरेशन मेडमैक्स' में एनसीबी और अमेरिकी ड्रग एन्फोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन (डीईए) की संयुक्त खुफिया जानकारी का इस्तेमाल किया गया था। इस अभियान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नियंत्रित दवाओं की बिक्री करने वाले एक गिरोह का पता चला। एनसीबी के अनुसार, यह नेटवर्क एशिया, उत्तरी अमेरिका, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया में सक्रिय था। जांच की शुरुआत मार्च में 3.7 किलो ट्रामाडोल टैबलेट की जब्ती से हुई थी। जांचकर्ताओं के मुताबिक, गिरोह ऑनलाइन बिजनेस-टू-बिजनेस प्लेटफॉर्म, डिजिटल भुगतान और अंतरराष्ट्रीय बिचौलियों के माध्यम से वैध दस्तावेजों के बिना दवाओं का वितरण कर रहा था।

भारत-कनाडा के बीच सीईपीए पर चर्चा तेज

आर्थिक साझेदारी होगी मजबूत बाजार तक बढ़ेगी सबकी पहुंच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और कनाडा ने अपने द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की प्रतिबद्धता दोहराई है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रस्तावित व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने, बाजार तक पहुंच बढ़ाने और साझा समृद्धि को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगा। गोयल ने 'एक्स' पर बताया कि उन्होंने कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल के साथ नाश्ते पर बैठक की। इस दौरान भारत-कनाडा व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर बातचीत को तेज करने और द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को और मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा हुई।



मनिंदर सिद्धू और पीयूष गोयल

भारतीय सांस्कृतिक विरासत की घर वापसी

तीन प्राचीन कलाकृतियां और मूर्तियां ऑस्ट्रेलिया ने सौंपी

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

नेशनल गैलरी ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने तीन प्राचीन भारतीय कलाकृतियां कैनबरा स्थित भारतीय उच्चायोग को सौंप दी हैं। यह हस्तांतरण जुलाई 2026 में तीसरे वार्षिक लीडर्स समिट के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज के बीच हुए वादे के तहत किया गया है। इन कलाकृतियों में देवी भद्रकाली के कांसे का त्रिशूल, नंदी की ग्रेनाइट प्रतिमा और छह सिर वाले कार्तिकेय की बेसाल्ट पत्थर मूर्ति शामिल है। भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत को वापस लाने के जो प्रयास कर रहा है, उसमें यह एक बड़ा कदम है। भारतीय मिशन ने 'एक्स' में कहा कि जुलाई 2026 में तीसरे वार्षिक 'लीडर्स समिट' के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और एंथनी अल्बनीज के बीच प्राचीन कलाकृतियों को लौटाने पर सहमति बनी थी।



कैनबरा में सौंपी गई कलाकृतियां

रोजगार के अवसर सृजित होंगे

आईएनएस बेतवा पोत की बढ़ेगी ताकत

मरम्मत एवं पुनर्संचालन के लिए रक्षा मंत्रालय ने किया 500 करोड़ का करार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के पोत आईएनएस बेतवा की सामान्य मरम्मत एवं पुनर्संचालन के लिए कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के साथ 498.58 करोड़ रुपए के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अनुबंध पर 11 नवंबर, 2026 को नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस अनुबंध के तहत भारतीय नौसेना के ब्रह्मपुत्र श्रेणी के युद्धपोत आईएनएस बेतवा की प्रणोदन प्रणाली में व्यापक बदलाव किया जाएगा।



रक्षा सचिव राजेश सिंह की उपस्थिति में एमओयू

'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को मिलेगी गति

इस परियोजना में 50 से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की भागीदारी होने की उम्मीद है। साथ ही, भारतीय जहाज निर्माण उद्योग और उससे जुड़े सहायक क्षेत्रों में रोजगार के पर्याप्त अवसर सृजित होंगे।

भाप की जगह लगेगा डीजल इंजन

इसके अंतर्गत पोत की मौजूदा भाप आधारित प्रणोदन प्रणाली को डीजल इंजन आधारित प्रणोदन प्रणाली से प्रतिस्थापित किया जाएगा। इस मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य में आधुनिक हथियार प्रणाली की स्थापना के माध्यम से पोत की युद्धक क्षमताओं को बढ़ाना भी शामिल होगा, जिससे इसकी परिचालन क्षमता और प्रभावशीलता में बढ़ोतरी होगी।

फारस की खाड़ी में जहाज पर हमला

1 भारतीय समेत 4 क्रू मेंबर घायल, 18 लोग थे सवार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बताया कि 10 नवंबर को फारस की खाड़ी से गुजरते समय 6 भारतीय नाविकों को ले जा रहे लाइबेरिया के झंडे वाले एक तेल टैंकर पर किसी प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ। इस हमले में चालक दल के 4 सदस्य घायल हो गए, जिनमें एक भारतीय नागरिक भी शामिल है। उसे मामूली चोटें आई हैं आगे की मेडिकल जांच के लिए सुरक्षित रूप से किनारे पर ले आया गया है। सोनोवाल ने बताया कि 10 नवंबर को, 6 भारतीय नाविकों को ले जा रहा लाइबेरिया के झंडे वाला वीएलसीसी 'एमटी फुजैराह एनर्जी' नाम का जहाज अल रुवाइस से दुबई जाते समय फारस की खाड़ी में एक हमले का शिकार हो गया। सोनोवाल ने कहा कि चालक दल के बाकी 18 सदस्य, जिनमें अन्य 5 भारतीय नाविक भी शामिल थे, सभी सुरक्षित हैं। हम लगातार स्थिति पर नजर रख रहे हैं।



सर्बानंद सोनोवाल

अलगाववादी समूहों की संभावित संलिप्तता का अंदेशा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटेन स्थित 50 प्रवासी भारतीय और सामुदायिक संगठनों ने लंदन में हुए प्रदर्शनों को लेकर गंभीरता के साथ चिंता जताते हुए महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक खुला पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने कथित राजनीतिक, चरमपंथी खालिस्तान समर्थकों, पाकिस्तान और बांग्लादेश से जुड़े अलगाववादी समूहों की संभावित संलिप्तता का अंदेशा जताते हुए उनकी भूमिका तथा उनके व अन्य पक्षों के बीच गैर-कानूनी समन्वय की व्यापक रूप से निष्पक्ष जांच करने की मांग की है।

प्रदर्शनों की आड़ में खालिस्तान समर्थकों, पाकिस्तानी-बांग्लादेशी संगठनों के बीच सांठगांठ की हो जांच

लंदन में हुई भारत विरोधी गतिविधियों से खिन्न प्रवासी भारतीय, राष्ट्रपति मुर्मू को लिखा पत्र



हिंसा फैलाने की ढाल नहीं बन सकते प्रदर्शन

पत्र में लंदन में हालिया समय में हुए दो प्रदर्शनों का विशेष तौर पर उल्लेख किया गया है। जिसमें पिछले महीने 16 अक्टूबर को भारतीय उच्चायोग के बाहर किया गया वामपंथी दलों के छात्र संगठन स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) का प्रदर्शन और उसके ठीक अगले दिन यानी 17 अक्टूबर को पार्लियामेंट स्क्वॉयर के बाहर हुआ दूसरा प्रदर्शन शामिल है। जिसे यूट्यूबर, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ध्रुव राठी ने संबोधित किया था।

चार दर्जन से अधिक संगठनों ने लिखा पत्र

राष्ट्रपति को पत्र लिखने वालों में ब्रिटेन के जिन चार दर्जन से अधिक प्रवासी भारतीय संगठनों की भागीदारी है। उनमें हिंदू कम्युनिटी आर्गेनाइजेशन ग्रुप, इंडियन डायसपोरा इन द यूके (आईडीयूके), फ्रेंड्स ऑफ इंडिया सोसाइटी इंटरनेशनल (एफआईएसआई) और इंडियन नेशनल स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आईएनएसए) सहित अन्य संगठन मुख्य रूप से शामिल हैं।

संगठनों को है राष्ट्रीय जिम्मेदारी का भान

संगठनों ने अपने पत्र में यह स्पष्ट किया है कि उनका यह प्रयास राष्ट्रीय जिम्मेदारी को भलीभांति समझते हुए किया गया है। वह यह मानते हैं कि लोकतंत्र में किसी भी स्थान पर शांतिपूर्वक एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन करने का मौलिक अधिकार सभी के पास है। लेकिन इस आजादी का बेजा इस्तेमाल जबरन हिंसा फैलाने, आमजन को भड़काने, धमकी देने, जानबूझकर गलत-भ्रामक जानकारी फैलाने के लिए एक ढाल के रूप में नहीं किया जाना चाहिए। पत्र में कहा गया है कि इन प्रदर्शनों का सिलसिला, इनमें शामिल संगठन और उनके द्वारा दिए जा रहे संदेश गंभीर जांच-पड़ताल की मांग करते हैं, खासकर तब जब विदेशों में राजनीतिक लामबंदी का इस्तेमाल भारत के लोकतांत्रिक संस्थानों या देश के निर्वाचित नेतृत्व की वैधता पर सवाल उठाने अथवा देश के प्रति शत्रुता को बढ़ावा देने के लिए किए जाने का खतरा हो।



मातृभूमि का ट्रेलर रिलीज, एक्शन अवतार में नजर आए सलमान

नई दिल्ली। सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इससे पहले मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया है। ट्रेलर में सलमान खान एक्शन अवतार में नजर आए हैं। लगभग साढ़े चार मिनट के ट्रेलर की शुरुआत चाइनीज सैनिकों को दिखाने से होती है। वह आपस में भारतीय सेना के बारे में बात करते हैं। इसके बाद ट्रेलर में भारतीय और चाइनीज सैनिकों को लड़ते हुए दिखाया जाता है। ट्रेलर में आगे दिखाया जाता है कि कैसे सैनिक अपने परिवार से विदा लेकर बॉर्डर पर जाते हैं। ट्रेलर में आगे दिखाया गया है कि भारत और चीन के बीच तनाव की स्थिति है। दोनों देशों के सैनिकों के बीच भी तनातनी का माहौल बनता है।

लाइफ Style


अनुष्का

'जब सूरज मेरे चेहरे को चूमता है'


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

24 साल की अभिनेत्री अनुष्का सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वह अपने फैंस को अपनी जिंदगी से जुड़ी हर अपडेट देती रहती हैं। कई बार अभिनेत्री विदेश में अपने टूर की और अपने माता-पिता के साथ तस्वीरें साझा करती हैं।

हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं। अनुष्का सेन ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें देखा जा सकता है कि उन्होंने सूरज की रोशनी में खूबसूरत पोज दिए हैं। अभिनेत्री ने ब्लैक स्कर्ट और क्रॉप टॉप पहना है। अभिनेत्री ने ऊपर से मरून दुपट्टा डाला है। उन्होंने अपने लुक को ब्लैक सनग्लासेस से पूरा किया है। अभिनेत्री अनुष्का सेन ने अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'जब सूरज मेरे चेहरे को चूमता है।' अभिनेत्री की पोस्ट को कई यूजर्स ने लाइक किया है और कई फैंस ने कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा 'अन्नू के लिए लाल रंग।' एक और यूजर ने लिखा 'चमकता हुआ खूबसूरत चेहरा।' एक और यूजर ने मजाक में लिखा 'कोई पुलिस को बुलाओ। इतना खूबसूरत दिखना अपराध है।' 4 अगस्त 2002 को जन्मीं अनुष्का सेन झारखंड के रांची से ताल्लुक रखती हैं। बचपन में ही वह अपने माता-पिता के साथ मुंबई में बस गईं। वह बालवीर, झांसी की रानी, फियर फैक्टरः खतरों के खिलाड़ी 11, और दिल दोस्ती डिलेमा के लिए मशहूर हैं। अभिनेत्री को साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'एम आई नेक्स्ट' में देखा गया था। इसमें उन्होंने हनी नाम की 14 साल की एक ऐसी लड़की का किरदार निभाया था, जिसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म हुआ और वह गर्भवती हो गई।



हॉलीवुड मसाला




थिएटर, फिल्म और टीवी में किया काम

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर स्टेसी कीच का मंगलवार को 85 साल की उम्र में निधन हो गया। स्टेसी कीच 2 जून 1941 को जॉर्जिया के सवाना में पैदा हुए थे। उन्होंने थिएटर, फिल्म और टीवी तीनों में लगभग छह दशक काम किया। शेक्सपियर के नाटकों में उनकी भूमिकाओं को खास पहचान मिली। 1970 में 'इंडियंस' नाटक के लिए उन्हें टोनी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट भी किया गया था। टीवी पर उन्हें सबसे ज्यादा पहचान जासूस माइक हैमर के किरदार से मिली। 1980 के दशक में 'मिकी स्पिलाने'स माइक हैमर' और बाद की सीरीज में उन्होंने यह रोल निभाया।



हैरी पॉटर की ओटीटी रिलीज डेट का ऐलान

नई दिल्ली। फिल्मों के बाद अब हैरी पॉटर टीवी सीरीज के रूप में फिर से वापसी कर रहा है। इस बार नई स्टार कास्ट हॉगवर्ट्स की दुनिया में जादू करती हुई दिखाई देगी। जब से हैरी पॉटर की टीवी सीरीज का ऐलान हुआ है, तभी से लोग इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे थे। अब आखिरकार हैरी पॉटर टीवी सीरीज का ऐलान हो गया है। हैरी पॉटर की अनाउंसमेंट 2023 में ही हो गई थी। तीन साल से दर्शक फिर से हैरी पॉटर की जादुई दुनिया को देखने के लिए बेताब थे। हैरी पॉटर टीवी सीरीज जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है। यह क्रिसमस के दिन यानी 25 दिसंबर को ओटीटी पर एक सरप्राइज पैकेज बनकर आने वाली है।



'गनमास्टर जी9' का दमदार ट्रेलर जारी

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी के फैंस को उनकी फिल्म 'गनमास्टर जी9' का बेसब्री से इंतजार है। 11 नवंबर को इस फिल्म का ट्रेलर वीडियो रिलीज हो गया है, जिसमें उनके साथ जेनेलिया देशमुख और अपारशक्ति खुराना भी नजर आ रहे हैं।। 'गनमास्टर जी9' 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। आदित्य दत्त ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। फिल्म का ट्रेलर काफी दमदार लग रहा है। मेकर्स ने जो ट्रेलर वीडियो जारी किया है वो 2 मिनट 41 सेकेंड का है, जिसकी शुरुआत इमरान के एक दमदार डायलॉग से होती है। वो कहते हैं, 'पुजारी अपना तिलक, मियां भाई अपना ईमान और हम अपने इश्क को सिर पर सजाकर रखते हैं। पर एक दिन किसी ने उन्हें कदमों पर गिराकर रौंद डाला। उसके बाद आगे जेनेलिया संग उनकी केमिस्ट्री दिखाई जाती है।



कंगुआ के फ्लॉप के बाद जबरदस्त कमबैक

मुंबई। साउथ सुपरस्टार सूर्या की फिल्म कंगुवा जब फ्लॉप हुई थी तो एक्टर को बड़ा शॉक लगा था। सीन फिल्म के साथ ही सूर्या की बैक-टू-बैक 4 फिल्में सुपरहिट साबित हुई हैं। रणबीर कपूर की रामायण के सामने भी सूर्या की सीन फिल्म ने बढ़िया कलेक्शन कर के दिखाया। इस फिल्म ने रिलीज के 5 दिन में दुनियाभर में 175 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। इसके पहले सूर्या ने कंगुवा के बाद बॉक्स ऑफिस पर जोरदार वापसी की। उनकी फिल्म रेट्रो 60 करोड़ के बजट में 250 करोड़ का कलेक्शन करने में सफल रही थी। इसके बाद सूर्या की कुरुप्पु ने भी 130 करोड़ के बजट में 360 करोड़ रुपए की कमाई की और बजट से दुगना कमाते हुए सुपरहिट साबित हुई। वहीं, साल 2026 की ही शुरुआत में आई विश्वनाथ एंड सन्स फिल्म ने भी खूब पैसे कमाए।

टीवी मसाला

एक्स हसबैंड जय का नाम घसीटने पर भड़कीं माही

नई दिल्ली। रिएलिटी शो 'बिग बॉस 20' का घर एक बार फिर विवादों और पर्सनल अटैक का अखाड़ा बन गया है। हाल ही में सामने आए शो के नए प्रोमो में टेलीविजन एक्ट्रेस माही विज और उनकी साथी कंटेस्टेंट लव गिल के बीच जोरदार कहासुनी और तीखी झड़प देखने को मिली। झगड़े के दौरान जैसे ही बात माही विज की पर्सनल लाइफ, शादी और उनके पति जय भानुशाली तक पहुंची, माही अपना आपा खो बैठीं। रोते-बिलखते हुए माही ने लव गिल को सख्त चेतावनी दी और साफ कहा कि वे उनकी शादीशुदा जिंदगी और पति का नाम बीच में न लाएं। प्रोमो के मुताबिक, इस पूरे फसाद की शुरुआत माही विज द्वारा की गई एक टिप्पणी से हुई थी। दरअसल, माही विज ने घर के सदस्य काजी तौकीर और मनीष गोयल के साथ बातचीत के दौरान लव गिल के लिए 'होमब्रेकर' (घर तोड़ने वाली) शब्द का इस्तेमाल किया था। हालांकि, उस बातचीत के दौरान लव वहां मौजूद नहीं थीं। लेकिन, बाद में जब लव गिल को इस बात का पता चला, तो उन्होंने सीधे माही विज के सामने आकर सवाल दाग दिए और दोनों के बीच विवाद गरमा गया। प्रोमो में दिखाया गया है कि लव गिल द्वारा पर्सनल सवाल पूछे जाने पर माही विज काफी परेशान हो जाती हैं। माही स्पष्ट लहजे में लव से कहती हैं, 'मेरे डिवोर्स (तलाक) पर बात मत करो। इस पर अपना बचाव करते हुए लव गिल जवाब देती हैं, 'जैसे इन्होंने मेरे लिए एक वड़ा बोला 'होमब्रेकर'' लव के मुंह से अपनी पर्सनल लाइफ और शादी का जिक्र सुनते ही माही विज बेहद इमोशनल हो जाती हैं और रोते हुए वहां से हटने लगती हैं।



शो 'शांति' सब पर पड़ गया था भारी

नई दिल्ली। दूरदर्शन के कई ऐसे शो थे जिन्होंने दर्शकों का ना सिर्फ दिल जीता था, बल्कि इनके किरदारों ने घर-घर में अपनी जगह बना ली थी। अब हम आपको दूरदर्शन के ही एक ऐसे शो के बारे में बताने वाले हैं जिसने 90 के दशक में अपनी एक अलग छाप छोड़ दी थी। इतना ही नहीं इस शो ने कई बाकी शोज तक को बड़ा कॉम्पटीशन दिया था। जिस शो की हम बात कर रहे हैं वो 1994 में आया था। शो में मंदिरा बेदी लीड रोल में थीं। मंदिरा ने इसमें पत्रकार का किरदार निभाया था। यह शो दोपहर में 2.30 बजे आता था और जब ये शो आता था तो दर्शक खासकर महिलाएं इसे देखने के लिए सारा काम छोड़कर बैठ जाती थीं। इस शो को लेकर जबरदस्त क्रेज था। बच्चे भी स्कूल से घर आकर इस शो को देखते थे। जिस शो की यहां बात हो रही है उसका नाम है शांति। शांति शो को आदि पोचा ने डायरेक्ट किया था और इसमें मंदिरा के अलावा मोहिनी शर्मा, राजेश तायलांग, अमित बहल, अनूप सोनी, यतिन कार्येकर, अमर तलवार भी थे।




ऋतिक ने वैश्विक स्तर के कार्यक्रम में छोड़ी भारत की छाप, बनाया रिकॉर्ड

नई दिल्ली। लॉस एंजिल्स में आयोजित '2026 लैक्मे आर्ट + फिल्म गाला' में बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन स्टाइलिश अंदाज में नजर आए। इस मशहूर कार्यक्रम में शामिल होने वाले वह पहले भारतीय अभिनेता बने, जिससे एक नया रिकॉर्ड बन गया है। इस इवेंट में हॉलीवुड, संगीत और फैशन जगत की कई बड़ी हस्तियां मौजूद थीं। ऋतिक के साथ काइली जेनर, किम कार्दशियन और निकोल किडमैन जैसी अंतरराष्ट्रीय हस्तियां भी शामिल थीं। इस कार्यक्रम में ऋतिक की मौजूदगी भारतीय प्रतिनिधित्व के लिहाज से एक अहम पल रही। इस मौके पर ऋतिक रोशन ने एक शानदार, पूरी तरह से काले रंग का कस्टम-टेलर सूट पहना। उनका लुक सादा होने के बावजूद काफी स्टाइलिश था, जिसने रेड कार्पेट पर सबका ध्यान खींचा। '2026 लैक्मे आर्ट + फिल्म गाला' की सह-अध्यक्षता ऑस्कर विजेता अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो और लैक्मे की ट्रस्टी ईवा चाउ ने की। ये दोनों लगातार 15वें साल इस कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे थे। 2011 में इस गाला की शुरुआत के बाद से ही, वे हर साल इसके सह-अध्यक्ष रहे हैं। किम कार्दशियन और काइली जेनर ने भी अपने फैशन सेंस से सबका ध्यान खींचा। गाला में जूलिया गार्नर, सलमा हायेक, अन्या टेलर-जॉय, एंड्रयू गारफील्ड और मिशेल योह नजर आईं।

मराठी फिल्म गोंधल के बाद 99वें एकेडमी अवॉर्ड के लिए भेजी गई 'रामायणम'

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की फिल्म 'रामायणम- पार्ट 1' लगातार बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है। इसी बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म अब 99वें एकेडमी अवॉर्ड यानी ऑस्कर की रेस में शामिल हो गई है। फिल्म के मेकर्स ने इसे ऑस्कर कमिटी के पास एंट्री के लिए भेजा है। खास बात यह है कि इसी साल मराठी फिल्म 'गोंधल' को ऑस्कर की इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में भारत की ऑफिशियल एंट्री के तौर पर चुना गया है। फिल्म के मेकर्स ने फिल्म को ऑस्कर के विचार के लिए भेजा है, हालांकि इसकी कैटेगरी अभी साफ नहीं हैं। ऑस्कर के नियम ऐसे हैं कि भारत की ऑफिशियल एंट्री चुने जाने के बाद भी दूसरी भारतीय फिल्में अलग-अलग कैटेगरी में अपनी दावेदारी पेश कर सकती हैं। यानी जरूरी नहीं कि किसी देश की सिर्फ एक ही फिल्म ऑस्कर तक पहुंच पाए। योग्य फिल्में एकेडमी के नियमों को पूरा करके दूसरी कैटेगरी में भी आवेदन कर सकती हैं। ऑस्कर की दूसरी मुख्य कैटेगरी में जगह बनाने के लिए फिल्मों को एकेडमी के कुछ जरूरी नियम पूरे करने होते हैं। इनमें सबसे अहम नियम है कि फिल्म को अमेरिका के किसी तय शहर के सिनेमाघरों में लगातार कम से कम 7 दिनों तक दिखाया जाना चाहिए। इन शहरों में लॉस एंजिल्स, न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को, शिकागो, डलास-फोर्ट वर्थ और अटलांटा शामिल हैं। इसके बाद फिल्म के मेकर्स या डिस्ट्रीब्यूटर को एकेडमी के पास जरूरी फॉर्म और फिल्म से जुड़ी जानकारी जमा करनी होती है।



फिल्म में पहली बार दुर्गा ने प्ले किया था सीता का रोल

100 साल के मनोरंजन के इतिहास में ये 9 एक्ट्रेस बनी हैं सीता

नई दिल्ली। बॉलीवुड में 100 साल में रामायण माइथोलॉजी पर कई फिल्में और सीरियल्स बने हैं। इस दौरान 9 एक्ट्रेस रही हैं जिन्हें दर्शकों ने मां सीता के रोल में देखा है। रणबीर की रामायण में साई पल्लवी सीता बनी हैं। सिनेमा जगत की शुरुआत से ही रामायण जैसे महाकाव्य पर फिल्में बननी शुरू हो गई थीं। फिर जब छोटे पर्दे की शुरुआत हुई तो उसमें भी रामायण पर कई सारे सीरियल्स बनाए गए। यहां तक फादर ऑफ इंडियन सिनेमा के तौर पर मशहूर दादा साहेब फाल्के की दूसरी फिल्म लंका दहन भी रामायण पर बनी थी। लेकिन, इस फिल्म में एक हीरो ने ही मां सीता का रोल प्ले किया था। वहीं, किसी भी फिल्म में पहली बार सीता का रोल दिग्गज एक्ट्रेस दुर्गा घोटे ने प्ले किया था। वहीं, हाल ही में आई रामायण में ये किरदार साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी ने प्ले किया है।

दुर्गा : बॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस दुर्गा घोटे ने साल 1934 में आई फिल्म सीता में मां सीता का रोल प्ले किया था। इसे मां सीता के जीवन पर केंद्रित कर के ही बनाया गया था। इसका निर्देशन देबकी कुमार बोस ने किया था। फिल्म में पृथ्वीराज कपूर भगवान राम के रोल में नजर आए थे. वहीं दूसरी तरफ लव के रोल में त्रिलोक कपूर नजर आए थे. इसके अलावा फिल्म में मुख्तार बेगम और गुल हामिद भी थे।

शोभना : साल 1943 में आई फिल्म राम राज्य में शोभना सामंत ने मां सीता का रोल प्ले किया था। इसमें प्रेम अदिब ने भगवान राम का रोल निभाया था। वहीं ऋषि वालमीकि के रोल में बद्री प्रसाद नजर आए थे. फिल्म का निर्देशन और निर्माण विजय भट्ट ने किया था वहीं इसका संगीत शंकरराव व्यास ने दिया था। फिल्म में अरुणा राय, बीना राय और कन्हैयालाल का भी रोल था।

अनीता : साल 1961 में बाबूभाई मिस्त्री ने एक फिल्म बनाई थी, जिसका नाम संपूर्ण रामायण था। 3 घंटे 3 मिनट की इस फिल्म में वसंद देसाई और भारत व्यास ने म्यूजिक दिया था। फिल्म में महीपाल ने भगवान राम का रोल किया था वहीं अनीता गुहा मां सीता के रोल में नजर आई थीं। फिल्म में ललिता पवार, अचला सचदेव और हेलेन भी थीं।



जया प्रदा : साल 1976 में रामायण माइथोलॉजी पर एक फिल्म आई थी जिसका नाम सीता कल्याणम था। ये फिल्म हिंदी, तेलुगू और मलयालम जैसी 3 भाषाओं में रिलीज की गई थी. फिल्म में रवि कुमार ने भगवान राम और भगवान विष्णु का रोल प्ले किया था। वहीं इसमें बॉलीवुड एक्ट्रेस जया प्रदा ने मां सीता और मां लक्ष्मी का किरदार निभाया था।

दीपिका : साल 1987 में आई रामानंद सागर की रामायण को अभी तक के इतिहास की सबसे पॉपुलर रामायण माना जाता है। इसे बड़े पर्दे पर नहीं बल्कि सीरियल के फॉर्म में दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया गया था, जिसके 78 एपिसोड्स आए थे. इसमें दीपिका चिखलिया ने मां सीता का रोल प्ले किया था और उनके इस किरदार को आज भी मां सीता के तौर पर सबसे ऑथेंटिक और रिलेटेबल माना जाता है।

देबीना : टीवी की दुनिया में इसके बाद रामायण पर खूब काम हुआ। लेकिन, रामानंद सागर की रामायण के अलावा 2008 में आए रामायण सीरियल को ही सक्सेस मिली और पसंद किया गया. इसमें टीवी एक्ट्रेस देबीना बनर्जी ने मां सीता का रोल निभाया था और फैंस को भी उनका लुक पसंद आया था। इसमें गुरमीत चौधरी ने भगवान राम का रोल प्ले किया था।

साई : अब 2026 में 4000 करोड़ में बनी रामायण फिल्म में रणबीर कपूर ने भगवान राम का रोल प्ले किया है और साई पल्लवी इसमें मां सीता के किरदार में नजर आई हैं। फिल्म अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी मूवी मानी जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है और नमित मल्होत्रा ने इसका निर्माण किया है।

नयनतारा : साल 2011 में साउथ की फिल्म राम राज्यम रिलीज की गई थी. इस फिल्म का निर्देशन बापू ने किया था। फिल्म का संगीत इल्लयाराजा ने दिया था। 2 घंटे 26 मिनट की ये फिल्म हिंदी, तेलुगू और मलयालम में रिलीज की गई थी. इसमें नंदमुरी बालकृष्णन ने भगवान राम का रोल प्ले किया था। वहीं फिल्म में एकानीनी नागेश्वर राव ने वाल्मीकि का रोल निभाया था।

कृति : साल 2023 में आई आदिपुरुष फिल्म 100 साल के इतिहास में रामायण पर बनी सबसे विवादित फिल्म साबित हुई थी. फिल्म रिलीज के पहले तो हाइप बंटोरने में सफल रही थी और 500 करोड़ के भारी-भरकम बजट में भी बनकर तैयार हुई थी।

आईपीएल ट्रेडिंग : हार्दिक की फीस में 1.65 करोड़ की बढ़ोतरी

18 करोड़ में पंजाब के हुए हार्दिक एमआई के लिए खेलेंगे अर्शदीप


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सबसे बड़ी और बहु प्रतीक्षित अदला बदली (ट्रेडिंग) में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या 18 करोड़ रुपए की बढ़ी हुई कीमत पर पंजाब किंग्स से जुड़ गए हैं जबकि मुंबई इंडियंस ने उनकी जगह तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अपनी टीम में लिया है। आईपीएल ने बयान में कहा की हार्दिक अपनी मौजूदा फीस 16.35 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि में मुंबई इंडियंस से पंजाब किंग्स चले गए हैं जबकि अर्शदीप 18 करोड़ रुपए की मौजूदा कीमत पर मुंबई से जुड़ गए हैं।

इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने इस साल (आईपीएल के पिछले सत्र से पहले) राजस्थान रॉयल्स से संजू सैमसन को 18 करोड़ रुपए में खरीदा था। इसके बदले में राजस्थान रॉयल्स ने सीएसके से रविंद्र जडेजा को 14 करोड़ और सैम कुरेन को 2.4 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया था। ट्रांसफर फीस दोनों फ्रेंचाइजी के बीच आपसी समझौता है और यह टीम में बनाए रखने की फीस (रिटेंशन फीस यानि फ्रेंचाइजी का खिलाड़ी को भुगतान किया जाने वाला वेतन) से अलग है।

हार्दिक का एमआई के साथ दूसरा कार्यकाल समाप्त

दोनों टीमों ने आपसी सहमति से तय किया कि हार्दिक की फीस में 1.65 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी होगी और मौजूदा नियमों के अनुसार उन्हें इस बढ़ोतरी का 50 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा। बाकी रकम मुंबई इंडियंस को मिलेगी। हार्दिक का इस तरह से मुंबई इंडियंस के साथ दूसरा कार्यकाल भी समाप्त हो गया है। वह पहली बार 2015 में मुंबई इंडियंस से जुड़े थे और तब उन्होंने इस फ्रेंचाइजी के साथ चार खिताब जीते थे। इस 33 वर्षीय खिलाड़ी ने टीम को 2015, 2017, 2019 और 2020 में खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मुंबई की टीम के साथ सात सत्र बिताने के बाद हार्दिक 2022 में 15 करोड़ रुपए की फीस पर गुजरात टाइटन्स में शामिल हो गए और उन्होंने फ्रेंचाइजी को अपने पहले ही सत्र में खिताब दिलाया। गुजरात की टीम 2023 में फाइनल तक भी पहुंची थी।



एमआई के तिलक बन सकते हैं उपकप्तान

रोहित को अचानक टीम से बाहर किए जाने का मुद्दा भी विवाद का विषय बना रहा और अब कयास लगाए जा रहे हैं के फ्रेंचाइजी की तरफ से उनके संभवतः आखिरी सत्र में उन्हें फिर से कप्तानी सौंपी जा सकती है। तिलक वर्मा को उप कप्तान बनाए जाने की संभावना है।

हार्दिक ने एमआई में बिताए खास पल : आकाश अंबानी

मुंबई इंडियंस के मालिक आकाश अंबानी ने कहा, 'हार्दिक ने मुंबई इंडियंस में कुछ बहुत ही खास पल बिताए हैं। हमने उन्हें एक क्रिकेटर के रूप में लगातार बेहतर होते हुए देखा है, विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाते हुए देखा है और फिर टीम का नेतृत्व करने के लिए वापसी करते हुए देखा है।' उन्होंने कहा, 'मैं उनका एक क्रिकेटर और एक इंसान के तौर पर बहुत सम्मान करता हूं और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।'



यादों के लिए आभार अर्श : पंजाब किंग्स

पंजाब किंग्स ने टीम में अर्शदीप के योगदान को स्वीकार करते हुए एक बयान में कहा, 'ढेर सारी हंसी, अनगिनत यादें और ढेर सारी मस्ती। यादों के लिए आभार अर्श।' अर्शदीप आठ सत्र तक पंजाब की टीम से खेलने के बाद अब मुंबई की टीम में शामिल हो रहे हैं। इस तेज गेंदबाज ने 2019 में पंजाब की टीम से आईपीएल में पदार्पण किया था और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के रूप में अपनी छाप छोड़ी थी। उन्होंने आईपीएल के 96 मैच में 111 विकेट लिए हैं, जो पंजाब किंग्स की तरफ से रिकॉर्ड है। उन्होंने 2025 के सत्र में 21 और 2026 में 14 विकेट लिए। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी टी20 प्रारूप में भारत का सबसे अधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज भी है। उन्होंने 104 मैचों में 151 विकेट लिए हैं।

डब्ल्यूटीए फाइनल्स

महज 75 मिनट में कोको को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचीं नोस्कोवा

एजेंसी ▶▶ इंडियन वेल्स

लिंडा नोस्कोवा ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। नोस्कोवा ने कोको गॉफ को 75 मिनट तक चले मुकाबले में 6-3, 6-3 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। नोस्कोवा 2011 में पेट्रा क्वितोवा के बाद अपने पहले डब्ल्यूटीए फाइनल्स में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। डब्ल्यूटीए के आंकड़ों के अनुसार, वह 2024 में गॉफ के बाद अपने पहले दो राउंड-रॉबिन मैच जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी भी हैं और 2021 में एनेट कोंटावेइट के बाद ऐसा करने वाली पहली नंबर 8 सीड हैं।

मैं अभी भी जीतना चाहती हूं : लिंडा

लिंडा नोस्कोवा ने कहा, मुझे तो यह भी नहीं पता था कि मैं सेमीफाइनल में हूं। मैच खत्म होने के ठीक बाद, मैं पहले से ही इस बात पर फोकस कर रही थी कि मैं दो दिन में जेर्सी (पेगुला) के साथ कैसे खेलूंगी। इसलिए मेरे लिए ज्यादा कुछ नहीं बदला है। मैं अभी भी जीतना चाहती हूं। मैं अभी भी जो भी स्कोर, जो भी जीत मुमकिन हो, हासिल करना चाहती हूं। मैं यहां असल में मैच नहीं खेल रही हूं, इसलिए यह कुछ अलग नहीं होने वाला है।

नोस्कोवा ने किया गॉफ को पांच बार ब्रेक

नोस्कोवा ने गॉफ को पांच बार ब्रेक किया, जिसमें शुरुआती सेट में चार बार शामिल हैं। उसने नौ में से पांच ब्रेक-पॉइंट मौकों को कन्वर्ट किया और गॉफ की दूसरी सर्व पर 75 प्रतिशत (24 में से 18) पॉइंट जीते। रिटर्न पर नोस्कोवा ने जो दबाव डाला, उससे उन्हें दोनों सेट में 4-1 की लीड बनाने में मदद मिली। यह नोस्कोवा के लिए इस सीजन की छठी टॉप-10 जीत है, जिसने जुलाई में विंबलडन में अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीता था।



खबर संक्षेप



26 ऐतिहासिक बल्ले भेंट करेंगे सचिन

मुंबई। सचिन तेंदुलकर अपने करियर के 26 खास बल्ले मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के शरद पवार क्रिकेट संग्रहालय को भेंट करेंगे। इन बल्लों में वे बल्ले भी शामिल हैं, जिनसे सचिन ने अपने 100 अंतरराष्ट्रीय शतकों में से कई यादगार शतक जड़े थे। बल्लों के अलावा उनके हेलमेट, जर्सी और करियर के महत्वपूर्ण पलों से जुड़े निजी नोट्स सहित कई अन्य यादगार वस्तुएं भी संग्रहालय में प्रदर्शित की जाएंगी। इन अनमोल धरोहरों की प्रदर्शनी का अनावरण 16 नवंबर को एक विशेष समारोह में किया जाएगा। 'बैटोग्राफी' नाम से आयोजित इस प्रदर्शनी के माध्यम से सचिन के क्रिकेट सफर को उनके करियर के विभिन्न दौर में इस्तेमाल किए गए बल्लों के जरिए दर्शाया जाएगा।

लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत कुमामोतो मास्टर्स जापान के दूसरे दौर में



कुमामोतो। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने बुधवार को यहां चीनी ताइपे के ची यू जेन को सीधे गेम में हराकर शानदार प्रदर्शन करते हुए कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने यह मुकाबला 21-19, 21-18 से अपने नाम किया। जर्मनी में हायलो ओपन का खिताब जीतने के बाद लक्ष्य का आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ है। किदांबी श्रीकांत ने भी प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने डेनमार्क के रासमुस गेमके को 18-21, 21-16, 24-22 से हराया। हालांकि युगल मुकाबलों में भारत को निराशा का सामना करना पड़ा।

बराड़ ने लगाई लंबी छलांग, 48वें स्थान पर पहुंचे

एजेंसी ▶▶ दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में विकेटकीपर ऋषभ पंत और कप्तान शुभमन गिल शीर्ष 10 में शामिल भारतीय बल्लेबाज हैं। पंत (713 रेटिंग अंक) आठवें और गिल (697) दसवें नंबर पर हैं। ये दोनों नवीनतम सूची में एक पायदान नीचे खिसके हैं। यशस्वी जायसवाल 13वें स्थान पर हैं। टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में पहले दो स्थान पर इंग्लैंड के हैरी ब्रूक और जो रूट हैं। गेंदबाज गुरनूर बराड़ लंबी छलांग लगाकर 48वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वह इससे पहले शीर्ष 100 में शामिल नहीं थे।

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग : पंत और गिल शीर्ष 10 में शामिल



गेंदबाजी रैंकिंग में टॉप पर स्टार्क

आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क शीर्ष पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसन, न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और इंग्लैंड के ओली रॉबिन्सन शीर्ष पांच गेंदबाजों में शामिल हैं।

रहमत शाह ने शीर्ष 10 में बनाई जगह

इस बीच अफगानिस्तान के कप्तान रहमत शाह आईसीसी टेस्ट खिलाड़ियों की रैंकिंग की किसी भी श्रेणी में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले अपने देश के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। रहमत ने शारजाह में अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच खेले गए पहले टेस्ट मैच में 173 रन की शानदार पारी खेली थी, जिससे वह टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में छह स्थान ऊपर सातवें स्थान पर पहुंच गए, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। यह रहमत के करियर का पांचवां टेस्ट शतक था, जिसके दम पर यह 33 वर्षीय खिलाड़ी गिल, दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज एडन मारक्रम और श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस से ऊपर पहुंच गए हैं।

शूटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप

नीरज ने जीता ब्रॉन्ज, हासिल किया ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▶▶ दोहा

भारतीय निशानेबाज नीरज कुमार ने बुधवार को आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया। इस चैंपियनशिप में भारत का यह दूसरा ओलंपिक कोटा है। इससे पहले जयपाल मालवीय ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश के लिए पहला कोटा हासिल किया था। नीरज ने फाइनल में कुल 346.5 अंक हासिल किए। वह रजत पदक की दौड़ में भी बने हुए थे लेकिन अंतिम दौर में 9.4 अंक का निशाना लगाने के कारण उन्हें तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।



पिमेनोव ने जीता रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण

व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ी (एआइएन) के रूप में हिस्सा ले रहे दिमित्री पिमेनोव ने 362.8 अंक के विश्व जूनियर रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि स्लोवाकिया के पैट्रिक जानी ने रजत पदक जीता। पिमेनोव और जानी ने भी लॉस एंजिलिस ओलंपिक के कोटा हासिल किए। फाइनल में पहुंचे भारत के एक अन्य निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर 323.7 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

हरियाणा के 12 खिलाड़ी ओडिशा में दिखाएंगे दम

एजेंसी ▶▶ रोहतक

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और ओडिशा एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने जा रही तीन दिवसीय बिम्सटेक (23 साल से कम आयु वर्ग) एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में हरियाणा के खिलाड़ी एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के लिए तैयार हैं। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 25 से 27 नवंबर तक भुवनेश्वर (ओडिशा) में आयोजित की जाएगी। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा के लिए घोषित 95 सदस्यीय भारतीय एथलेटिक्स टीम में हरियाणा का दबदबा देखने को मिला है। राज्य से कुल 12 एथलीटों का चयन भारतीय दल में हुआ है, जिनमें 5 पुरुष और 7 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह ने चयनित खिलाड़ियों का त्साहवर्धन करते हुए कहा आपकी कड़ी मेहनत, लगन, अनुशासन और कोचों के मार्गदर्शन ने हरियाणा को देश के खेल मानचित्र पर और ऊँचा स्थान दिलाया है। आप केवल खिलाड़ी नहीं, बल्कि हरियाणा की शान और हमारे उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद हैं। भुवनेश्वर में पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरें, डर को पीछे छोड़ें और अपना शत-प्रतिशत योगदान दें। फरीदाबाद खेल मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि चयनित एथलीट अपनी-अपनी स्पर्धाओं में पदक हासिल करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वहीं, एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव प्रदीप मलिक और ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य राजकुमार मिटान ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत और आत्मविश्वास से ही मेडल की राह सुगम होती है। पूरा प्रदेश इन युवा एथलीटों के साथ खड़ा है और सभी को इनके शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है।

बिम्सटेक अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप

विभिन्न स्पर्धाओं में हरियाणा के मुख्य एवं रिजर्व खिलाड़ी

- 1500 मीटर दौड़: हितेश (हिसार) तथा सोहित विजेंद्र (जींद - रिजर्व)
- शॉट पुट (गोला फेंक): अतुल (चरखी दादरी), अंशु धनखड़ (सोनीपत) और रिया वर्मा
- जेवलिन थ्रो (भाला फेंक): आदित्य (जींद), पूनम, दीपिका (फतेहाबाद) तथा ज्योति (फतेहाबाद - रिजर्व)
- डिस्कस थ्रो (चक्का फेंक): प्रिया (भिवानी)
- 4x400 मीटर रिले: तमन्ना (जींद)
- मीटर दौड़: रमिकेश (रिजर्व)

टेस्ट में रचिन रवींद्र की वापसी, लैथम संभालेंगे कप्तानी

एजेंसी ▶▶ वेलिंगटन

न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए उस टीम के प्रमुख खिलाड़ियों को बरकरार रखा है, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड को उसकी धरती पर हराया था, हालांकि, डेवोन कॉनवे, रचिन रविंद्र और विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल पूरी तरह फिट होने पर ही पहले टेस्ट मैच में खेल पाएंगे। वेलिंगटन में 19 नवंबर से शुरू होने वाली इस श्रृंखला में न्यूजीलैंड की 14 सदस्यीय टीम की कप्तानी टॉम लैथम करेंगे। कॉनवे, रविंद्र और ब्लंडेल अभी चोटों से उबर रहे हैं लेकिन उनके टेस्ट श्रृंखला तक फिट होने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड की टीम में अधिकतर वही खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्होंने इस साल के शुरू में इंग्लैंड के दौरे में अपनी टीम को तीन मैच की श्रृंखला में 2-1 से जीत दिलाई थी।



टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप : कार्लसन ने जीता उद्घाटन ब्लिट्ज खिताब

वैशाली की दमदार जीत, एरिगैसी ने टॉप-5 में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶ बुडापेस्ट

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर पायलट में वेस्ली सो और हैंस नीमन पर प्रभावशाली जीत दर्ज की, जबकि विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने इस प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में 9 राउंड के ब्लिट्ज स्विस टूर्नामेंट को जीता। भारतीय खिलाड़ियों में अर्जुन एरिगैसी ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। वह अलीरेजा फिरोजा, फैबियानो कारुआना, नीमन और रिचर्ड रैपोर्ट के साथ 5.5 अंक लेकर संयुक्त चौथे स्थान पर रहे।



वैशाली की यादगार जीत

महिला विश्व चैंपियनशिप की चैलेंजर वैशाली ने अपने शुरुआती तीन मैचों में दो जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन वह उस लय को बरकरार नहीं रख पाई और इसके बाद उन्होंने दो हार और तीन ड्रॉ का सामना किया। हालांकि विश्व में छठे नंबर के खिलाड़ी सो और विश्व में 36वें नंबर के नीमन पर उनकी जीत यादगार रही। आर प्रज्ञाननंदा ने एंड्रयू हांग पर जीत के साथ अपना सत्र समाप्त किया और कुल 4.5 अंक हासिल किए।

तालिका में शीर्ष पर कार्लसन

कार्लसन ने अपने नौ मैचों में से पांच में जीत हासिल की जबकि चार बाजियां ड्रॉ खेली। इससे वह सात अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहे। फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव 6.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि आर्मेनियाई ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन ने छह अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद अब 'फास्ट क्लासिक' होगा, जिसके लिए लॉटरी के जरिए ग्रुप तय किए गए। कागजों पर ग्रुप बी सबसे मजबूत नजर आता है है, जिसमें कारुआना, प्रज्ञाननंदा और विंसेंट कीमर जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।



स्वच्छ सर्वेक्षण की घोषणा, मेंटर शहरों की सूची में अहमदाबाद शीर्ष पर

नवी मुंबई देश का सबसे साफ शहर बना, सूरत और विजयवाड़ा ने भी मारी बाजी, रुद्रपुर को मिला सबसे स्वच्छ हिमालयी शहर का तमगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सबसे साफ शहरों की तस्वीर सामने आ गई है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में महाराष्ट्र के नवी मुंबई ने राष्ट्रीय स्वच्छ शहर श्रेणी में पहला स्थान हासिल किया है। गुजरात का सूरत दूसरे और आंध्र प्रदेश का विजयवाड़ा तीसरे स्थान पर रहा। उत्तराखंड के रुद्रपुर को सबसे स्वच्छ हिमालयी शहर चुना गया। इस बार सर्वेक्षण में नदी किनारे बसे शहरों, समुद्री तटों और पहाड़ी क्षेत्रों की सफाई को भी अलग-अलग श्रेणियों में रखा गया। इस बार मेंटर शहरों की सूची में अहमदाबद शीर्ष पायदान पर रहा।

अब 10वें संस्करण में इसका दायरा बढ़कर 4,751 से अधिक शहरों तक पहुंच गया है। इस बार शहरों की सफाई व्यवस्था का आकलन करते समय नागरिकों की राय को भी अधिक महत्व दिया गया। नदी किनारों, समुद्री तटों और दूसरे जल स्रोतों को भी सर्वेक्षण में व्यापक रूप से शामिल किया गया।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार प्रदान किए

सफाई और स्वच्छता के प्रयासों को मिला सम्मान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2025-26 प्रदान किए। ये पुरस्कार स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत शहरों में सफाई और स्वच्छता के लिए किए गए प्रयासों को मान्यता देने के लिए दिए गए। यह सर्वेक्षण का दसवां संस्करण है।

शहरों की सफाई, कचरा प्रबंधन और स्वच्छता व्यवस्था को परखा

राष्ट्रीय स्वच्छ शहर श्रेणी में नवी मुंबई पहले, सूरत दूसरे और विजयवाड़ा तीसरे स्थान पर रहे। इस श्रेणी में शहरों की सफाई, कचरा प्रबंधन और स्वच्छता व्यवस्था को परखा गया।स्वच्छ शहर लीग के तहत भी शहरों के प्रदर्शन का आकलन सफाई और कचरे के सही प्रबंधन जैसे मानकों पर किया जाता है।

हिमालयी शहरों की श्रेणी में जम्मू और शोपियां आगे रहे

हिमालयी शहरों की श्रेणी में उत्तराखंड के रुद्रपुर ने पहला स्थान हासिल किया। जम्मू दूसरे और जम्मू-कश्मीर का शोपियां तीसरे स्थान पर रहा। इसके अलावा स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के तहत अहमदाबाद को पहला मेंटर शहर चुना गया, जबकि गुजरात के साणंद को उसका मेंटी शहर माना गया।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की प्रमुख श्रेणियों के विजेता

- राष्ट्रीय स्वच्छ शहरः नवी मुंबई, सूरत, विजयवाड़ा।
- स्वच्छ नदी तटीय शहरः रीवा, बिलासपुर, वाराणसी।
- स्वच्छ समुद्री तटीय शहरः पुरी, अलप्पुझा, रत्नागिरी।
- स्वच्छ हिमालयी शहरः रुद्रपुर, जम्मू, शोपियां।
- मेंटर शहरः अहमदाबाद पहले और इंदौर दूसरे स्थान पर।

खबर संक्षेप

अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई, 4 की मौत

नोएडा। गंगा एक्सप्रेस-वे पर सांडी थाना क्षेत्र में किलोमीटर संख्या 317 पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। घटना में कार सवार दंपती और उनके 2 बच्चों की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने मदद के लिए देर से पहुंचने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। यूपीडा के वाहन को पलट दिया।सौरभ उपाध्याय साफ्टवेयर कंपनी चलाते थे।



3 राज्यों में शुरू होंगी सांध्यकालीन अदालतें

नई दिल्ली। अदालतों में लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे और अदालती बोझ कम करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने 3राज्यों दिल्ली, बिहार और आंध्र प्रदेश में सांध्यकालीन अदालतें शुरू करने का फैसला किया है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने इसकी जानकारी दी है।सरकार इस साल के अंत तक दिल्ली, बिहार और आंध्र प्रदेश में 'इवनिंग कोर्ट' शुरू करेगी।



भारत ने वीजा सिस्टम बदला, अब सिर्फ 9 श्रेणी

नई दिल्ली। गृह मंत्रालय ने भारत के वीजा सिस्टम में बदलाव किया है। अब वीजा की मुख्य श्रेणी 13 से घटाकर 9 और उप श्रेणी 49 से घटाकर 23 कर दी गई हैं। टूरिस्ट वीजा का नाम बदलकर विजिटर वीजा कर दिया गया है। इसके अलावा वीजा आवेदन फॉर्म में भरे जाने वाले कॉलम भी 65-70% कम कर दिए गए हैं। नई व्यवस्था दिसंबर 2026 तक लागू हो जाएगी।



पूर्व सांसद व सीबीआई अफसर भाजपा में गए

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से पहले नेताओं के दल बदलने का सिलसिला तेज हो गया है। बुधवार को सपा को पूर्वांचल और बुंदेलखंड में बड़ा झटका लगा। बस्ती से बीएसपी के पूर्व सांसद अरविंद कुमार चौधरी और बांदा के रहने वाले पूर्व सीबीआई अधिकारी व सपा नेता अनिल यादव समेत कई नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली।



डिवाइडर से टकराई बाइक, 2 युवकों की मौत

आगरा। किले के सामने मंगलवार देर रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में 2युवकों की मौत हो गई। मरने वालों की पहचान 16 वर्ष के नैतिक पुत्र भोला सिंह निवासी सुल्तानपुरा कैंट और विशाल पुत्र मनोज निवासी मंटोला के रूप में हुई है। बाइक सवार तीसरा साथी प्रेम पुत्र धर्म निवासी मंटोला गंभीर घायल हो गया।



प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कई योजनाओं को दी मंजूरी

8.449 किमी लंबा मेट्रो कॉरिडोर बनेगा, 5 एलिवेटेड स्टेशन भी होंगे, यात्रा होगी सुगम

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने दी फैसलों की जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के तहत एक्वा लाइन कॉरिडोर के विस्तार को मंजूरी दे दी है। इसके तहत नोएडा सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4 तक 8.449 किलोमीटर लंबा मेट्रो कॉरिडोर बनाया जाएगा, जिसमें 5 एलिवेटेड स्टेशन बनाए जाएंगे। इस कॉरिडोर के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क की कुल लंबाई 71.878 किलोमीटर हो जाएगी।इस परियोजना से नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच सार्वजनिक परिवहन की सुविधा बेहतर होगी। इससे शहर के उन इलाकों को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ा जाएगा, जहां फिलहाल सार्वजनिक परिवहन की सीधी कनेक्टिविटी सीमित है। इसके अलावा, नोएडा सेक्टर-61 में ब्लू लाइन मेट्रो के साथ इंटरचेंज की सुविधा भी मिलेगी।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच मेट्रो कनेक्टिविटी का होगा विस्तार



जाम से मिलेगी मुक्ति

इस विस्तार से क्लियो काउंटी और ग्रेटर नोएडा के गौर सिटी-1 एवं गौर सिटी-2 जैसी आवासीय सोसाइटियों के निवासियों को भी मेट्रो सुविधा का लाभ मिलेगा। इससे रोजगार, कारोबार, शिक्षा और अन्य दैनिक जरूरतों के लिए आवागमन करने वाले लोगों का सफर आसान होने की उम्मीद है।परियोजना से सड़कों पर वाहनों का दबाव और यातायात जाम कम करने में मदद मिलेगी।

प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों को मिलेगा लाभ

कॉरिडोर से कई प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों, आईटी एवं औद्योगिक कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और आवासीय क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। इनमें गौर सिटी मॉल, एचएंडएस मॉल, ब्लू सफायर मॉल, ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4 का व्यावसायिक क्षेत्र, नोएडा सेक्टर-51 स्थित आईकेईए और सेक्टर-73 का एंथुरियम मॉल शामिल हैं। नोएडा सेक्टर-60 स्थित टेक महिंद्रा और टीसीएल टेक के कार्यालय, सेक्टर-73 स्थित ऑयल इंडस्ट्री डेवलपमेंट बोर्ड तथा गोल्डन आई कार्यालय एवं व्यावसायिक परिसर को भी बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। शैक्षणिक संस्थानों में दिल्ली पब्लिक स्कूल और स्वास्थ्य सुविधाओं में कैलाश अस्पताल, सेक्टर-70 का रामा अस्पताल, सेक्टर-51 का क्लाउडनाइन अस्पताल तथा सेक्टर-62 का रामा अस्पताल शामिल हैं।

'युगे युगीन संग्रहालय

दिल्ली के नॉर्थ-साउथ ब्लॉक में बनेगा 3,230 करोड़ मंजूर

कैबिनेट ने दिल्ली के ऐतिहासिक नॉर्थ और साउथ ब्लॉक परिसर में 'युगे युगीन भारत संग्रहालय' विकसित करने की मंजूरी दे दी है। परियोजना के लिए 3,230 करोड़ की अनुमानित लागत को स्वीकृति दी गई।यह संग्रहालय भारत की सभ्यतागत विरासत, सांस्कृतिक विविधता और ऐतिहासिक निरंतरता को प्रदर्शित करेगा। इसे नॉर्थ और साउथ ब्लॉक की ऐतिहासिक इमारतों के मौजूदा स्वरूप का संरक्षण करते हुए विकसित किया जाएगा।

दुनिया का सबसे बड़ा डिस्प्ले एरिया वाला संग्रहालय बनाने की योजना

संग्रहालय लगभग 1,78,509 वर्ग मीटर के प्रस्तावित निर्मित क्षेत्र में विकसित होगा। इसमें आधुनिक संग्रहालय तकनीक, इमर्सिव अनुभव और सुविधाएं तैयार की जाएंगी। इसे दुनिया का सबसे बड़ा डिस्प्ले एरिया वाला संग्रहालय बनाने की योजना है। इसमें भारत की सभ्यतागत यात्रा को अलग-अलग विषयों पर आधारित गैलरी, प्रदर्शनियों और सांस्कृतिक परंपराओं के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।

स्टैंड-अप इंडिया योजना

2031 तक जारी रखा जाएगा, 4,111 करोड़ के क्रेडिट गारंटी कोष स्वीकृत

स्टैंड-अप इंडिया योजना को 31 मार्च 2031 तक जारी रहेगी। इसका उद्देश्य महिलाओके बीच उद्यमिता को बढ़ावा देना है। अगले 5वर्षों में कम से कम 2.5 लाख नए उद्यमियों को वित्तीय सहायता देने का लक्ष्य रखा गया है।सरकार ने योजना के लिए 4,111 करोड़ के क्रेडिट गारंटी कोष को भी मंजूरी दी है। अप्रैल 2016 में शुरू हुई इस योजना के माध्यम से अब तक 2.75 लाख से अधिक महिला, एससी और एसटी उद्यमियों को ऋण उपलब्ध कराने में मदद मिली।

एक करोड़ तक मिल सकेगा ऋण

योजना के तहत महिलाएं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमी ग्रीनफील्ड उद्यम स्थापित करने के लिए ऋण ले सकेंगे। इसके अंतर्गत 10 लाख से अधिक और एक करोड़ तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। यह ऋण टर्म लोन या वर्किंग कैपिटल और टर्म लोन के संयुक्त रूप में दिया जा सकता है। राशि परियोजना लागत के 85 प्रतिशत तक हो सकती है।

ऋण पर 85 प्रतिशत तक क्रेडिट गारंटी कवरेज

योजना के तहत ऋण राशि पर 85 प्रतिशत तक क्रेडिट गारंटी कवरेज उपलब्ध होगा। इसके लिए मानक गारंटी शुल्क 0.50 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। महिला और वंचित समुदायों में उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा।

सम्मेलन के समापन पर राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी प्रवासियों को सम्मानित

कोलकाता में होगा प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

19वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 7 से 9 जनवरी 2027 को पश्चिम-बंगाल के कोलकाता में आयोजित किया जाएगा। जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे और इसके समापन सत्र की अध्यक्षता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। उनके द्वारा प्रवासियों को प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय सम्मान से भी नवाजा जाएगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस महत्वपूर्ण सम्मेलन की वेबसाइट pbdindia.gov.in को बुधवार को विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर और पश्चिम-बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने राष्ट्रीय राजधानी में एक समारोह में संयुक्त रूप से लांच किया है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि सम्मेलन का आयोजन विदेश मंत्रालय द्वारा कोलकाता सरकार के सहयोग से किया जाएगा। इसकी थीम, 'जड़ों की ओर वापसीः भारत के साथ प्रवासी समुदाय के जुड़ाव को फिर से मजबूत बनाना है'। प्रवासी भारतीय दिवस का 18 वां संस्करण 2025 में भुवनेश्वर में 8 से 10 जनवरी तक किया गया था।

विदेश मंत्री जयशंकर और कोलकाता के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने संयुक्त रूप से लांच की सम्मेलन की वेबसाइट

गांधी जी की भारत वापसी का प्रतीक

प्रवासी भारतीय दिवस को दरअसल 9 जनवरी को इसलिए मनाया जाता है। क्योंकि 1915 में इसी तारीख पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी दक्षिण-अफ्रीका से भारत वापस लौटे थे। उनकी स्वदेश वापसी की स्मृति में यह दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। यह दिवस केंद्र सरकार के प्रमुख वार्षिक आयोजनों की सूची में शुमार है। क्योंकि इसकी मदद से उसे दुनिया के अलग-अलग देशों में बसे हुए प्रवासी भारतीयों के समुदाय के साथ सीधे जुड़ने का अवसर मिलता है। वेबसाइट के जरिए प्रवासियों को आयोजन के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देने के अलावा इसमें भागीदारी की प्रक्रिया को समझने में मदद मिलेगी। उनके लिए पंजीकरण आयोजन स्थल तक पहुंचने, रुकने की व्यवस्था के प्रबंधन की भी जानकारी ली जा सकेगी।

लद्दाख के सीईओ का आदेश

चुनाव से पहले लेह, कारगिल में धरने-प्रदर्शनों पर लगाई रोक

एजेंसी ▶▶ लेह

लद्दाख के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) राहुल शर्मा ने आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू रहने के दौरान लेह और कारगिल की नगरपालिका सीमाओं के भीतर राजनीतिक धरने, विरोध-प्रदर्शन, रैलियों और ऐसी अन्य सामूहिक गतिविधियों पर रोक लगा दी है। बुधवार को आधिकारिक जानकारी दी गई। लद्दाख में पंचायत और नगर निकाय चुनाव 11 नवंबर को होने हैं, जबकि 8 लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषदों के चुनाव 4 दिसंबर को निर्धारित हैं। सीईओ ने कहा कि 23 अक्टूबर से लागू आदर्श आचार संहिता चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक प्रभावी है। जम्मू-कश्मीर नगर निकाय और नगर निकाय चुनाव के तहत आदेश में ऐसी गतिविधियों पर रोक रहेगी, जिनसे मतदाताओं के डरने, सार्वजनिक व्यवस्था बिगड़ने और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए जरूरी माहौल खराब होने की आशंका हो।



उपराष्ट्रपति कॉलेज के प्लैटिनम जुबली में बोले

छात्र प्रौद्योगिकी अपनाएं, ज्ञानार्जन करें और नशीले पदार्थों से दूर रहें

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

उपराष्ट्रपति ने कॉलेज परिसर में स्वतंत्रता सेनानी वीओ चिदंबरम पिल्लई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और संस्थान की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक स्मारक द्वार का उद्घाटन किया। वे अपनी पुरानी कक्षा में भी गए और 1975–78 बैच के अपने सहपाठियों से बातचीत में कॉलेज के दिनों को आत्मीयता से स्मरण किया। राधाकृष्णन ने स्मरण किया कॉलेज, शिक्षकों और शिक्षयतों ने उनके नजरिये को आकार देकर उन्हें बड़े



दायित्वों के लिए तैयार किया। छात्र विरासत सहेजते हुए नई प्रौद्योगिकी, वैज्ञानिक अनुसंधान और उभरते विषयों को अपनाएं जिससे समाज में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचे। उन्होंने युवाओं से आत्म-अनुशासन विकसित करने, नशीले पदार्थों और अन्य हानि पहुंचाने वाली आदतों से दूर रहने का आह्वान किया।

किसान, मजदूर, कारपेंटर और मोची हुए शामिल

भाई दूज पर राहुल का अनूठा आयोजन, मेहनतकश और हुनरमंद परिवारों के साथ मनाया त्योहार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समाज के मेहनतकश और हुनरमंद तबकों के साथ भाई दूज का त्योहार मनाया। उन्होंने देश के विभिन्न पेशों से जुड़े ऐसे लोगों को कांग्रेस मुख्यालय स्थित इंदिरा भवन में सपरिवार आमंत्रित किया है, जिनसे पिछले कुछ वर्षों के दौरान अलग-अलग अवसरों पर उनकी मुलाकात और संवाद होता रहा है। राहुल के इस आयोजन में बढ़ई, मैकेनिक, नाई, मोची, रेलवे कुली,



किसान, खेतिहर मजदूर, सब्जी विक्रेता, छोटे कारोबारी, डिलीवरी वर्कर्स, निर्माण श्रमिक और सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न पेशों से जुड़े लोग शामिल हुए। राहुल ने सभी मेहमानों को परिवार, परिजनों, रिश्तेदारों के साथ आने का न्योता दिया था।

सोनिया गांधी के संस्मरण पर भाजपा ने किया तीखा हमला

प्रधानमंत्री की कुर्सी छोड़कर बन गईं 'सुपर पीएम'

भाजपा प्रवक्ता त्रिवेदी ने कसा तंज और फैसले को 'सुपर त्याग' बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के नए संस्मरण को लेकर भाजपा ने उन पर तीखा हमला बोला है। भाजपा ने 2004 में प्रधानमंत्री पद स्वीकार नहीं करने के उनके फैसले को त्याग बताने के दावे पर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने तंज कसते हुए कहा कि सोनियाने प्रधानमंत्री की कुर्सी छोड़कर 'सुपर पीएम' बनने का रास्ता चुना था। उन्होंने प्रधानमंत्री पद नहीं संभाला, लेकिन तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार में राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की अध्यक्ष बनकर कैबिनेट मंत्री के बराबर दर्जा हासिल किया। पार्टी ने आपातकाल और राजीव गांधी से जुड़े दावों को भी चुनौती दी है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सोनिया के संस्मरण 'बिलॉन्गिंग : ए जर्नी ऑफ लव' पर प्रतिक्रिया दी।



सोनिया का संस्मरण 'झूठ का पुलिंदा': राव के पोते

देश के प्रधानमंत्री और कांग्रेस के अध्यक्ष रहे पीवी नरसिंह राव के पोते एनवी सुभाष ने सोनिया गांधी के संस्मरण ' को 'झूठ का पुलिंदा' करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि किताब में आपातकाल सहित गांधी परिवार के सत्ता में रहने के दौरान हुई ऐतिहासिक गलतियां मौजूद हैं। सुभाष ने आरोप लगाया कि उन्होंने देश के प्रति राव के योगदान को जानबूझकर नजरअंदाज किया है। इस अनदेखी से उन्हें 'कोई हैरानी नहीं' हुई।

सोनिया के दावे पर हजारे भी बिफरे

इतनी संकीर्ण सोच रखना सही नहीं, देश के बारे में सोचें



वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने कहा, मेरे लिए सिर्फ समाज और देश मायने रखते हैं। इतनी संकीर्ण सोच रखना सही नहीं है। देश के बारे में सोचिए।

किताब में 55 गलतियां

उनकी इस आत्मकथा में कई ऐतिहासिक घटनाओं, राजनीतिक घटनाक्रमों और संवैधानिक व्यवस्थाओं को लेकर फैक्ट की गलतियां सामने आई हैं। किताब में 55 फैक्ट्स और संदर्भ संबंधी गलतियों की पहचान की गई है। किताब में लिखा गया है लोकसभा के सदस्य निर्वाचित होते हैं और राज्यसभा के सदस्यों को मनोनीत किया जाता है। संघ की स्थापना का वर्ष 1921 बताया है। राजनीतिक सचिव रहे अहमद पटेल की मृत्यु का वर्ष भी गलत लिखा है।

एनयूएसआई नेता अनस पर छात्रा का आरोप

ज्ञानेश के खिलाफ प्रोटेस्ट के बदले 500 रुपए ऑफर किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली यूनिवर्सिटी की एक छात्रा ने एनएसयूआई नेता अनस खान को लेकर बड़ा दावा किया है। छात्रा का आरोप है कि अनस ने राहुल गांधी के मार्च में शामिल होने कॉलेज के छात्रों को 200 से 500 रुपए देने का ऑफर दिया था। यह मार्च मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ था। छात्रों को मुफ्त खाना, आने-जाने की सुविधा और दूसरी चीजें देने की भी बात कही गई थी।



100 छात्रों को मार्च में शामिल करने का दावा

छात्रा के अनुसार अनस कॉलेज के करीब 100 छात्रों को इस मार्च में शामिल करने की कोशिश कर रहा था। इसके लिए कॉलेज के एक ग्रुप में मैसेज भेजा गया था। इसमें करीब 1000 छात्र जुड़े हुए हैं। छात्रा का दावा है नए छात्रों को भी इस ग्रुप में जोड़ा जाता है। छात्रों को मुफ्त खाना, सफर और रिफ्रेशमेंट देने की बात कही गई थी। कुछ छात्रों को फ्री रैपिडो राइड और जोमैटो ऑफर देने का भी दावा किया गया है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415